श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 213, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 30 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**पार्टी छोड़ने पर मुझे घरवालों ने मजबूर किया, भी कांग्रेस को स्पेशलिस्ट डॉक्टर की जरूरत**

## गुलाम के 'आजाद' बोल

**नई दिल्ली:** कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद गुलाम नबी आजाद ने पीएम मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें बहुत कठोर आदमी समझता था, लेकिन उनमें इंसानियत तो है। मुझे लगता था कि उनकी बीवी नहीं है, बच्चे नहीं हैं तो उनको कोई परवाह नहीं होगी, लेकिन ऐसा नहीं है। आजाद ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी पर हमला भी बोला है। उन्होंने कहा कि इस संस्था का कोई मतलब नहीं रह गया है। चौकीदार चोर है का नारा सिर्फ राहुल गांधी का था। उसके समर्थन में कोई वरिष्ठ नेता नहीं आया था।

**इस्तीफा देने के बाद से सोया नहीं हूं-आजाद:**
गुलाम नबी आजाद ने न्यूज एजेंसी को बताया, 'इस्तीफे की चिठ्ठी लिखने के पहले और उसके बाद 6 दिन तक मैं सोया नहीं हूं। इस पार्टी को मैंने अपने खून से सींचा है। उसमें कहां-कहां से लोग आ गए है, जो किसी काम के नहीं हैं। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ाङ्ग वो हमसे मुकाबला कर रहे हैं। जिन्हें अपने घर का पता नहीं है और वो हमसे सवाल करते हैं।' 'सोनिया गांधी के लिए मेरे मन में आज भी वही इज्जत है, जो 30 साल पहले थी। राहुल गांधी के लिए भी वही इज्जत है क्योंकि वे इंदिरा गांधी का परिवार हैं, राजीव-सोनिया के बेटे हैं। निजी तौर पर मैं उनके लंबे जीवन की कामना करता हूं। हमने उन्हें एक सफल नेता बनाने की कोशिश की, पर वे ही राजी नहीं हुए।'गल फोटो में जाकर पीड़ित के क्रेडिट कार्ड की डिटेल ले लेते थे। इस डिटेल से शॉपिंग या फिर कूपन खरीद लेते थे।

कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी छोड़ने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आजाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। आजाद ने कहा कि पार्टी छोड़ने पर मुझे घरवालों ने मजबूर किया। उन्होंने कहा कि जहां घरवालों को लगे कि यह आदमी नहीं चाहिए तो अकलमंदी खुद घर छोड़ने में है। आजाद ने पूछा कि जो शख्स अपनी स्पीच खत्म करने के बाद भरी सदन में पीएम मोदी से गले मिले, तो वे मिले हैं या मैं मिला हूं? आजाद ने कहा, 'मैं कांग्रेस के लिए दुआ ही कर सकता हूं, लेकिन कांग्रेस मेरी दुआ से ठीक नहीं होगी उसके लिए दवा चाहिए। अभी उसका डॉक्टर कंपाउंडर है। अभी कांग्रेस को स्पेशलिस्ट की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आधार काफी कमजोर हो गया है। संगठन अब कभी भी गिर सकता है। यही वजह है कि मैंने अन्य नेताओं के साथ पार्टी छोड़ने का फैसला लिया।



### चापलूसी करने वाले लोगों को कांग्रेस बढ़ाती है: आजाद

**नई दिल्ली: आजाद** ने कहा कि इस समय कांग्रेस ऐसे लोगों से घिर चुकी है। जिनको पार्टी के भविष्य से कोई मतलब नहीं है। यहां न सच को सुना जाता है और न ही स्वीकार किया जाता है। इस पार्टी को कुछ लोग लगातार खोखला करने में जुटे हैं। आजाद ने कहा कि अब इस पार्टी में सच कहने वालों को दंडित किया जाता है और चापलूसी करने वाले लोगों को बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उन पर जो आरोप लगाए हैं वह बेबुनियादी हैं। उनका भाजपा से कोई सांठगांठ नहीं है। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश को अपना डीएनए जरूर चेक कराना चाहिए। वह देखें कि उनका डीएन किस-किस पार्टी में रहा है। उल्लेखनीय है कि आजाद के इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था कि आजाद ने कांग्रेस को धोखा दिया है क्योंकि उनका डीएनए 'मोदी-फाइड' है।

**अपना डीएनए चेक कराएं जयराम रमेश: आजाद** आजाद ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर भी जोरदार हमला बोला। आजाद ने कहा, 'पहले जयराम रमेश अपना डीएनए चेक करवाएं कि कहां के हैं और किस पार्टी से हैं, वह देखें कि उनका डीएनए किस-किस पार्टी में रहा है। बाहर के लोगों को कांग्रेस का अता-पता नहीं है। चापलूसी और ट्विट कर जिन्हें पद मिले अगर वे आरोप लगाएं तो हमें दुख होता है।

**मोदी की जमकर तारीफ की:** आजाद ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ भी की। आजाद ने कहा, 'आप पढ़े लिखे लोग हैं, आपने मोदी साहब की स्पीच देखी। कोई इतना अनपढ़ हो सकता है। स्पीच को पढ़िए। उसमें सिर्फ मेरे बारे में नहीं कहा गया कि गुलाम नबी आजाद जाएगा हाउस से तो दुख होगा। मोदी ने एक घटना के बारे में बात की है।'

**'पीएम मोदी को गलत समझता था':** आजाद ने आगे कहा, 'मैं पीएम मोदी को गलत समझता था, लेकिन उन्होंने कम से कम इंसानियत दिखाई। जब मैं जम्मू-कश्मीर का सीएम था तब गुजरात की टूरिस्ट बस में आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कई लोग मारे गए थे। तब उनका फोन आया था तो मैं रो रहा था।

## जलाई गई अंकिता की मौत के बाद तनाव

**आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग, दुमका में बाजार बंद, सड़कें जाम, 144 लागू**

**रांची:** झारखंड के दुमका में अंकिता सिंह (17) का सोमवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके दादा ने उसे मुखाग्नि दी। कड़ी सुरक्षा में उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रविवार की सुबह जब उसकी मौत की खबर आई तो दुमका में तनाव की स्थिति बन गई। दुकान-बाजार बंद हो गए। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इधर, सीएम हेमंत सोरेन से इस मामले में ट्वीट किया है कि मामले को फास्ट ट्रैक में चलाया जाएगा। इस मामले की जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट एडीजी स्तर के अफसर से जल्द मांगी गई है। इसके लिए डीजीपी को निर्देश दिया गया है। अंकिता के परिवार को 10 लाख रुपए की मदद दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने दुमका-भागलपुर रोड को घंटों जाम रखा। इस विरोध प्रदर्शन में वीएचपी, बजरंग दल, भाजपा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लोगों ने बाजार भी बंद कराया। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है। सोमवार सुबह भी ऐसे ही हालात रहे। आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग की गई।



### प्रयागराज की गलियों में मछलियां, काशी कॉरिडोर में पहुंची गंगा

**लखनऊ: पहाड़ों** पर हो रही बारिश से यूपी में गंगा-यमुना नदी उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा विश्वनाथ कॉरिडोर तक पहुंच गई है। गंगा बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह से 100 मीटर दूर है। यहां सोमवार को जलस्तर 71.83 मीटर दर्ज किया गया है। गंगा 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने से करीब 2 मीटर दूर है। 44 साल पहले आई बाढ़ के समय गंगा का जलस्तर 73.90 मीटर तक पहुंचा था। वहीं प्रयागराज में भी गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है।

## बिहार में सीबीआइ की होगी नो एंट्री!



**पटना:** बिहार में भी सीबीआइ को मिली सामान्य अनुमति (जेनरल कंसेंट) को वापस लेने की जमीन तैयार हो रही है। सीबीआइ किसी राज्य में अगर कोई छापेमारी या फिर अन्य कार्रवाई करती है तो उसे इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर सामान्य अनुमति अनिवार्य होती है। इसके बगैर सीबीआइ की कार्रवाई किसी भी राज्य में संभव नहीं है। सामान्य अनुमति आम तौर पर राज्यों द्वारा सीबीआइ को पूर्व से रहती है। इसके नहीं रहने की स्थिति में सीबीआइ किसी विशेष मामले का जिक्र कर राज्य से अनुमति लेती है। हाल के वर्षों में कुछ राज्यों ने सामान्य अनुमति वापस ले ली है।

**सामान्य अनुमति को वापस ले सकती है महागठबंधन की सरकार:** सियासी गलियारे में चर्चा है कि बिहार में भी सरकार सीबीआइ को दी गई सामान्य अनुमति को वापस ले सकती है। सत्ताधारी महागठबंधन द्वारा इन दिनों खुलकर कहा जा रहा कि सीबीआइ को टूल्स के रूप में केंद्र सरकार इस्तेमाल कर रही है। हाल के दिनों में राजद के नेताओं के यहां थोक में सीबीआइ के छापे के बाद यह बात और मुखर हो गई है। वैसे महागठबंधन के नेता अभी यह कह रहे के सीबीआइ के छापे के बाद वे सत्याग्रह करेंगे और छापे को आई टीम को फूल भेंट करेंगे।

**सीबीआइ को सामान्य अनुमति का यह है कानून :** सीबीआइ का संचालन दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट (डीएसपीई) एक्ट 1946 के तहत होता है। इसके तहत यह प्राविधान है कि उसे किसी राज्य में अपनी कार्रवाई या फिर जांच आरंभ करने के लिए अनिवार्य रूप से राज्य सरकार की अनुमति लेनी है।

### हिजाब मामले में कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने हिजाब मामले की सुनवाई करते हुए कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने सुनवाई टालने की मांग की। इस पर कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि जब मामला सुनवाई के लिए लिस्ट किया जाता है तो आप सुनवाई टालने की मांग करते हैं। यह तरीका सही नहीं है। कर्नाटक की दो छात्राओं ने कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में हिंदू सेना के नेता सुरजीत यादव ने भी कैविएट दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से हाई कोर्ट के फैसले पर रोक का एकतरफा आदेश न देने की मांग की है। 15 मार्च को कर्नाटक हाई कोर्ट ने हिजाब को इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं कहते हुए शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध के सरकार के निर्णय को बरकरार रखा था।



**झारखंड: संकट में सोरेन सरकार!**

## झारखंड महागठबंधन को 'हॉर्स ट्रेडिंग' का डर

**रांची:** झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच महागठबंधन की सरकार अब राज्यपाल पर नोटिफिकेशन जारी करने का दबाव बनाने लगी है। महागठबंधन के विधायकों ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल नोटिफिकेशन जारी करवाने में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, ताकि बीजेपी को हॉर्स ट्रेडिंग करने का टाइम मिल जाए। महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात के लिए समय मांगा है।

वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी के सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कई एमएलए अभी भी बीजेपी के संपर्क में हैं।



झारखंड कांग्रेस के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इसकी पूरी जानकारी राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को है। वे अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटे हैं। राज्य में टूटती कांग्रेस को एकजुट रखने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे पिछले दो दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए हैं और विधायकों से वन टु वन मीटिंग कर रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन को भी इस बात का डर है कि बीजेपी राज्य में सरकार गिराने के लिए कोई बड़ी चाल चल सकती है। यही कारण है कि वो विधायकों को कभी डिनर तो कभी सियासी पिकनिक पर लेकर निकल रहे हैं। वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार में सब ऑल इज वेल है।

**महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल से मांगा मिलने का समय:** महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। महागठबंधन के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर चुनाव आयोग के फैसले को सार्वजनिक करने की मांग करेगा। हालांकि राज्यपाल ने समय दिया है ।

## मेरी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती: गडकरी

**नागपुर:** केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कांग्रेस में जाने से अच्छा कुएं में कूदना पसंद करेंगे, क्योंकि उनकी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती है। गडकरी ने यह बात नागपुर में उद्यमियों के एक सम्मेलन में कही। गडकरी ने बताया कि उनके बचपन के दोस्त और कांग्रेस के नेता श्रीकांत जिचकर ने मुझे सलाह दी थी कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ जाऊं। यह उस दौर की बात है, जब मैं छात्र नेता था और भाजपा हार जाती थी। गडकरी बोले- जब आपको सफलता मिलती है और उसकी खुशी आपको अकेले होती है तो फिर उसका कोई मतलब नहीं है। यदि आपको मिली सफलता की खुशी आपके साथ काम करने वाले लोगों को भी होती है तो फिर यह अच्छी होती है। कारोबार हो या राजनीति दोनों में मानवीय संबंध अहम हैं। कैसे भी हालात हों, किसी को इस्तेमाल करके फेंकना नहीं चाहिए। उन्होंने रिचर्ड निक्सन की एक बात का जिक्र करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति हारने से खत्म नहीं होता, लेकिन मैदान छोड़ने से खत्म हो जाता है। हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि अहंकार और आत्मविश्वास में क्या फर्क होता है। किसी को भी इस्तेमाल करो फेंक की दौड़ में नहीं शामिल होना चाहिए। अच्छे दिन हों या बुरे दिन, जब एक बार किसी का हाथ थाम लें, उसे थामें रहें।



**एक महीने पहले कहा था- मन करता है राजनीति छोड़ दूं:** एक महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मौजूदा राजनीति व्यवस्था पर कहा था- कभी-कभी मन करता है कि राजनीति ही छोड़ दूं। समाज में और भी काम हैं, जो बिना राजनीति के किए जा सकते हैं। महात्मा गांधी के समय की राजनीति और आज की राजनीति में बहुत बदलाव हुआ है। बापू के समय में राजनीति देश, समाज, विकास के लिए होती थी, लेकिन अब राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए होती है। पूरी खबर पढ़ें

**बीजेपी ने संसदीय बोर्ड से गडकरी और शिवराज को हटाया था:** भाजपा ने नए संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हटा दिया था। बीजेपी में पार्लियामेंट्री बोर्ड के बाद केंद्रीय चुनाव समिति को पार्टी की दूसरी सबसे ताकतवर संस्था माना जाता है ।

## फिर फिसला रूपया: रुपया सबसे निचले स्तर पहुंचा

**नई दिल्ली:** भारतीय मुद्रा (रुपया) में गिरावट का सिलसिला जारी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी और विदेश में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के चलते रुपया में गिरावट आई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 31 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 80.15 पर पहुंच गया। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 80.10 के स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान यह गिरावट दर्ज करते हुए 80.15पर आ गया।



पिछले हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 79.84 के स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.51 फीसदी बढ़कर 109.35 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का मानना है ।

## '4 महीने में शाही ईदगाह मस्जिद सर्वे पर फैसला सुनाए मथुरा कोर्ट'

**मथुरा:** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में सोमवार इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ईदगाह में भी वीडियोग्रॉफी सर्वे करवाने के आदेश जारी किए हैं। हाई कोर्ट ने विवादित स्थल की वीडियोग्रॉफी सर्वे कराने और निगरानी के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की याचिका का चार माह में निस्तारण करने का आदेश दिया। मथुरा के सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय में सर्वे की मांग को लेकर चार प्रार्थना पत्र पहले से ही दाखिल हैं। इनमें अब तक सुनवाई शुरू नहीं हो सकी है। सोमवार पूर्वाह्न ज्ञानवापी मस्जिद की तरह अब मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में भी वीडियोग्रॉफी सर्वे होगा, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए हैं। सोमवार मुख्य पक्षकार मनीष यादव की याचिका पर न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की बेंच ने यह आदेश दिए हैं। जिला अदालत को चार महीनों के भीतर वीडियोग्रॉफी सर्वे की कार्यवाही पूरी कर रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल करना होगा। एक वरिष्ठ अधिवक्ता को कमिश्नर और दो अधिवक्ताओं को सहायक कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। सर्वे के दौरान वादी और प्रतिवादी के साथ सक्षम अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मामले से संबंधित दस वादों पर सुनवाई चल रही है। महेन्द्र प्रताप सिंह, मनीष यादव, दिनेश शर्मा, लखनऊ अधिवक्ता शैलेन्द्र ने सर्वे कराने का प्रार्थना पत्र दिया था।

गौरतलब हो कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह विवाद मामले से संबंधित दस वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय में चल रहे हैं। याचिका अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने न्यायालय से शाही मस्जिद ईदगाह का वीडियोग्राफी सर्वे कराने के साथ ही एएसआई सर्वे कराने की मांग की है। वहीं कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग का प्रार्थना पत्र भी दाखिल किया है। इन्होंने न्यायालय से पहले सर्वे कराने के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की मांग की। लेकिन शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने आपत्ति जताते हुए पहले वाद की पोषणीयता पर सुनवाई करने को कहा। इस पर न्यायालय ने पहले पोषणीयता पर सुनवाई का निर्णय लिया। इस पर महेंद्र प्रताप सिंह ने जिला जज के न्यायालय में अपील की। वहीं लखनऊ निवासी मनीष यादव ने भी वीडियो ग्राफी सर्वे कराने और कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर निगरानी कराने की मांग की है। उनका मानना है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान से जुड़े साक्ष्य शाही मस्जिद ईदगाह में मौजूद हैं। साक्ष्य मिटाने को शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी छेड़छाड़ कर सकती है। अखिल भारत हिंदू महासभा के कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने भी वीडियोग्राफी सर्वे कराने को प्रार्थना पत्र दे रखा है। जबकि लखनऊ निवासी अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने भी एएसआइ सर्वे और वीडियोग्राफी कराने को प्रार्थना पत्र दिया है। इन सभी प्रार्थना पत्रों पर अभी सुनवाई चल रही है।



**खबर संक्षेप**

### युवक की उफनाई गंगा नदी में डूबने से मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के नटका बबुरा गांव के कछार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक घूमते घूमते उफनाई नदी के गहरे पानी में चला गया और डूब गया । जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी अजीत कुमार द्विवेदी 35 वर्ष पुत्र राम अचल द्विवेदी जो मानसिक रूप से पीड़ित है। सोमवार सुबह 10 बजे के करीब घर से 500 मीटर की दूरी पर कछार की तरफ घूमने के लिए गया था। जहां पर पर गांव के अन्य कई लोग भी मौजूद थे। उसी बीच वह उफनाई नदी के पानी में घूम रहा था कि अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उपस्थित लोगों ने शोर शराबा करते हुए डूब रहे युवक को जब तक पहुंचकर बचाते तब तक वह पानी में समा चुका था। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने नाविकों की मदद से पानी में डूबे हुए युवक को खोज निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थी। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर करछना पुलिस मौके पर पहुंची और लिखा पढ़ी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। रामअचल द्विवेदी चिप्स, पापड़ नमकीन सहित अन्य सामान दुकानों पर ले जाकर फेरी का काम करते है। उनके दो बेटे व एक बेटी में अजीत द्विवेदी पहले नंबर का लड़का था। और उसके भी एक 2 साल का लड़का है।

# सीडीओ व बीडीओ ने गौशाला व चेकडैम का किया निरीक्षण

## बहियारी में निर्मित चेकडैम में जमी मिट्टी को साफ कराने के निर्देश





**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** विधायक के साथ बेलहट में अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद सीडीओ ने बेलहट स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चेताया कि गौशाला में मौजूद गोवंशों का पूरा ध्यान दिया जाय। उन्हें चारा और पानी की कोई असुविधा नही होनी चाहिए। तत्पश्चात सीडीओ बहियारी में मनरेगा द्वारा बनाए गए चेकडैम का निरीक्षण करने पहुंचे। बारिश की वजह से चेकडैम की दीवालों के पास हुए कटान को उन्होंने बोरियां लगाकर भरने का निर्देश दिया। उन्होंने चेकडैम निर्माण को लेकर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान सीडीओ के साथ रहे बीडीओ मुकेश कुमार ने कटान को पाटने के साथ-साथ चेक डैम के भीतरी सतह में जमी मिट्टी को साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेकडैम गहरा हो जाएगा तो किसानों के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिल सकेगा। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं संबंधित जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि जमी हुई मिट्टी की सफाई कराई जाय। निरीक्षण के दौरान ग्राम सचिव अनीता पटेल व अरविंद कुमार, तकनीकी सहायक विजय तिवारी, कमलाकर पांडेय तथा ज्ञानेंद्र सिंह आदि मातहत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मऊआइमा में सेंधमारी करके चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढने से लोग खौफजदा हैं। बीती रात चारों ने मऊआइमा के नौगिरा में एक घर में सेंधमारी करके लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिए। एक अन्य गांव में चोर पैनल चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासी सुशील कुमार पुत्र स्वर्गीय मुर्लीधर का परिवार घर के बाहर सोया था। बताया गया है कि चोरों ने घर के पीछे सेंधमारी कर-के बक्सा उठा ले गए और उमेश पटेल के खेत में रख कर बक्सा तोड कर उसमें रखा डेढ किलो चांदी के जेवरात ,सोने की अंगूठी ,झुमकी ,टप आदि सहित साठ हजार रुपये नगदी चोरी कर ले गए। सुबह सुशील कुमार के परिजनों को चोरी की वारदात का पता चला तो कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंच कर तहरीर लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है उधर ग्राम सराय जोधराय में पंचायत भवन में लगे सोलर पैनल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान शुभम जायसवाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत व एक स्थान पर तीन घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर वाहन दुर्घटना में एक की मौत हो गई जबकि एक अन्य स्थान पर हुई दुर्घटना में तीन बुरी तरह जख्मी हैं। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर भोला चौराहा निवासी जंगबहादुर पटेल 50 वर्ष पुत्र कडेदीन पटेल सोमवार को लगभग दस बजे बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे वह प्रयागराज एंव प्रतापगढ़ फोर लेन पर सरपताही नहर के निकट पहुंचे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसे घायल हालत में पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस शव थाने लाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। बताया गया है कि मृतक जंगबहादुर पटेल 50 वर्ष खेती किसानी करता था। जिनके दो पुत्र वीरेन्द्र कुमार ,विनय कुमार तथा दो पुत्रियाँ रूचि पटेल ,रिया पटेल हैं सभी अविवाहित हैं। जंगबहादुर पटेल की मौत पर पत्नी कर्मवती देवी एंव परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उधर प्रतापगढ़ के लीलापुर मोहनगंज निवासी धीरेंद्र कुमार 20 वर्ष पुत्र बृजेश कुमार, रामबाबू18 वर्ष पुत्र बृजेश कुमार ,विष्णु देवी 26 वर्ष विजय कुमार एक बाइक पर बैठ कर मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर दवा लेने आ रहे थे। जैसे वह मऊआइमा के कलुआपुर के पास पहुंचे सामने कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई.। जिसमें सभी को गंभीर चोटें आईं हैं। सभी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहा है।

### अज्ञात वाहन से मोटरसाइकिल चालक हुआ घायल, गंभीर

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गलुआबाद गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के कैथी गांव निवासी ऋषि राज पांडे 40 वर्ष पुत्र मुकेश पांडे सोमवार की रात 8 बजे के करीब कोहडार वाया रामपुर मार्ग पर अपनी मोटरसाइकिल से घर के लिए लौट रहा था। अभी वह रास्ते के गलुआबाद गांव के सामने पहुंचा था कि, उसी बीच अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। वहीं टक्कर इतना भीषण था कि मोटरसाइकिल दो टुकड़ों में बट गई। जबकि चालक मार्ग से दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल होकर तड़पने लगा। थोड़ी देर बाद मार्ग से गुजर रहे राहगीर व आसपास के लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दीया। सूचना होने पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गई। जिसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गोपाल विद्यालय में हुई नाड़ी उपराचात्मक शक्ति केन्द्र की स्थापना

## अभिभावकों, छात्र छात्राओं एवं क्षेत्र के लोगों का बढ़ेगा आत्म विश्वास





**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** कोरांव के गोपाल विद्यालय इण्टर कालेज हिन्दी माध्यम और अंग्रेजी माध्यम में विद्यालय के प्रबन्धक राजा बहादुर राजा अजेय सिंह, प्रबंध समिति सदस्य राजकुमारी अद्रिजा मंजरी सिंह, उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई की उपस्थिति में नाड़ी उपराचात्मक शक्ति केन्द्र की स्थापना की गई। छात्र छात्राओं अभिभावकों और कोरांव क्षेत्र का विकाश हो इसी को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर दीप नारायण सिंह अथिति प्रवक्ता हार्वर्ड विश्वविद्यालय अमेरिकाद्वारा विद्यालय के इस केंद्र की स्थापना कराई गई, उन्होंने बताया कि नाड़ी उपचारात्मक शक्ति केन्द्र बच्चों का सर्वांगीण विकाश, आत्म विश्वास, वैचारिक शक्ति, चिन्तन शक्ति, अन्वेषण शक्ति एवं भविष्य की तैयारी के लिए शक्ति का संचार करेगा। वर्तमान समय में जो नैतिक और मानवीय मूल्यों का पतन हो रहा है उसमे सुधार होगा। डॉक्टर दीप नारायण सिंह ने बताया कि अमेरिका, यूरोप और दुबई के बाद भारत में ये मेरा पहला विद्यालय है जहां मैंने इस केन्द्र की स्थापना की है। केन्द्र की परिधि से 300 मीटर की दूरी तक खड़े होकर नाड़ी जल का उपयोग करने पर स्वास्थ्य और मानसिक लाभ होगा जिससे मन में अच्छे विचार आयेंगे और कैंसर, रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों में भी नाड़ी जल लाभदायक होगा। छात्र छात्राओं अध्यापक अध्यापिकाओं को नाड़ी जल का प्रयोग भी कारगर सिद्ध होगा। साथ ही प्रबन्ध समिति सदस्य राजकुमारी अद्रिजा मंजरी सिंह ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को बुलाकर एक बैठक किया जिसमे उन्होंने बताया कि पढाई के समय मेरा चयन बास्केट बॉल में नेशनल स्तर पर हुआ था लेकिन कुछ व्यक्तिगत कारणों से मैं खेल नहीं पाई थी लेकिन आज बहुत मैं बहुत खुश हूं कि मेरा सपना आप सभी एथेलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, खो- खो, बैटमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट के खिलाड़ियों ने पूरा करने का कार्य किया है विद्यालय द्वारा मेरी तरफ से सभी खिलाडियों को हर संभव मदद दी जाएगी। प्रधानाचार्य साबिर अली ने विद्यालय और समाज के लिए किए गए इस अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रबंध समिति और डॉक्टर दीप नारायण सिंह को आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में राकेश सिंह, विद्याकांत तिवारी, अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी, गोविन्द मिश्रा, सन्त लाल मौर्य, बृजेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान सेमरी राघवेंद्र सिंह, पन्ना लाल श्रीवास्तव, रिषिकेश पटेल, अखिलेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव, कमलेश मीना उपस्थित रहे।



# तीज आज व्रती महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

**सहसों।** भादौं मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर पड़ने वाले तीज व्रत पर सनातनी श्रद्धालु व्रती महिलाएं अपने अपने सुहाग के लिए अखंड व्रत करती हैं एवं इस त्योहार पर नव युवतियां भी अपने सुन्दर, सुयोग्य, मनोवांछित वर के लिए इस व्रत को बखूबी श्रद्धा से व्रत करती हैं। क्षेत्र में हरितालिका तीज की पूर्व संध्या पर सुहागिन महिलाओं ने बाजारों में जमकर खरीदारी की। तीज के अवसर पर अखंड व्रत रखकर सुहागिन महिलाएं भगवान शिव एवं पार्वती की पूजा, अर्चना कर पति के लम्बी उम्र की कामना करतीं हैं। बाजारों में शिव पार्वती की मूर्ति के अतिरिक्त के सुहाग का सामान,फल,फूल, मीठा, सोने चांदी के आभूषण, नए वस्त्र सहित अन्य वस्तुएं महिलाएं खरीदारी करती रहीं। सहसों बाजार सहित आदि बाजारों में कॉस्मेटिक, ज्वेलरी आदि दुकानों पर महिलाओं ने खूब खरीदारी की। व्रती महिलाएं भगवान शिव एवं पार्वती की शुभ मुहूर्त में पूजा, अर्चना एवं आरती करके रात्रि जागरण कर अखंड सौभाग्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।

**न्यूज झरोखा**

### प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा नौनिहालो को किया गया पुरस्कृत



**बारा।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा करायी गयी निशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का अंतिम चरण का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम ब्लॉक सभागार जसरा में किया गया जिसमे मुख्य अतिथि विधायक बारा डॉ वाचस्पती जी मौजूद रहे और बच्चों को पुरस्कृत किये जिसमे, विज्ञान्ता पटेल,अंशिका मालवीय, जानवी संस्थान के मार्गदर्शक, उपजिलाधिकारी बारा शुभम यादव, खंड विकास अधिकारी डॉ सपना अवस्थी, ब्लॉक अधीक्षक डॉ तरुण पाठक,जी मौजूद रहे, विधायक बारा व उपजिलाधिकारी बारा नें प्रयाग संगम सेवा संस्थान कि काफी तारीफ कि व सभी सामाजिक कार्यों में उनका साथ व सहयोग देने कि बात कही, बीडीओ जसरा व तरुण पाठक नें बच्चों को शुभकामनायें देते हुवे संस्थान का सदैव सहयोग करने कि बात कही कार्यक्रम में उपस्थित रहे, संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, उपाध्यक्ष रामजी त्रिपाठी, महामंत्री रावेन्द्र तिवारी, जिला मंत्री अखिल त्रिपाठी, प्रदीप द्विवेदी,पशु डॉक्टर सुनील मिश्रा, एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला,मण्डल अध्यक्ष जगत शुक्ला,ज्ञानेंद्र पाठक, कमलाकर सिंह,नीरज केशरवानी रावेन्द्र तिवारी चामू, नईम अहमद, अविनाश त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला,परवेज आलम, ऋषब द्विवेदी,उमेश पटेल, फूलचंद पटेल,शांतनु मिश्रा, शनी शुक्ला, यू एस पाण्डेय, सतीश तिवारी, अमन मिश्रा, विजयराज प्रजापती, उदल प्रसाद, प्रेम कुमार,सूरज मौर्या, महावीर ओझा, इत्यादि काफी लोग मौजूद रहे ।

### निशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जसरा।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा करायी गयी निःशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का अंतिम चरण का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम ब्लॉक सभागार जसरा में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक बारा डॉ० वाचस्पति जी ने कहा कि समय समय पर ग्रामीण अंचल के बच्चों के सामान्य ज्ञान की क्षमता को भांपकर उनको आगे लाने में संस्थान के लोगों को धन्यवाद देता हूँ और आने वाले समय में जो भी समस्या रहेगी उसका पूरी तरह से समाधान करने का प्रयास करूँगा। मुख्य अतिथि डा०वाचस्पति ने उपस्थित बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ ही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2023 की बुकलेट दिया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम बारा शुभम यादव ने छोटे छोटे बच्चों को कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा०तरुण पाठक व संचालन आयोजक सुधांशु मिश्र ने किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी जसरा डा०सपना अवस्थी व सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने नौनिहालों को इसी तरह आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डा०सुनील कुमार मिश्र,एडीओपी श्याम लाल तिवारी, दिनेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल,विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ल,रामजी त्रिपाठी, रावेन्द्र तिवारी,प्रदीप द्विवेदी, कमलाकर सिंह,नीरज केशरवानी रावेन्द्र तिवारी चामू, नईम अहमद, अविनाश त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला,परवेज आलम,समीक्षा पटेल,विजय बी पटेल, ऋषभ द्विवेदी,उमेश पटेल, फूलचंद पटेल,शांतनु मिश्रा, अखिल त्रिपाठी, शनी शुक्ला, यू एस पाण्डेय, सतीश तिवारी, अमन मिश्रा, विजयराज प्रजापती, उदल प्रसाद, प्रेम कुमार,सूरज मौर्या, महावीर ओझा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पंजाब में मिला सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर का सुपौत्र



**जंघई।** सेवानिवृत्त उप निरीक्षक राम अधार शुक्ला कथरीपुर, गरियांव बाजार के निवासी हैं उनके तीन पुत्रों में दूसरे नंबर के पुत्र सुरेश चंद्र शुक्ला का पुत्र सौम्य शुक्ला देव जो कि अपने परिजनों के संग दिल्ली में रहता है।17 दिन पूर्व 12 अगस्त को सुहैलदेव एक्सप्रेस से आनंद विहार टर्मिनल से जंघई जंक्शन गांव के लिए चला था 13 अगस्त को भोर में पानी लेने प्रयागराज जंक्शन पर उतरा था इतने में ट्रेन चल पड़ी थी। दूसरे के मोबाइल से फोन करके बताया था कि सुहैलदेव एक्सप्रेस छूट गई है बुंदेलखंड एक्सप्रेस पकड़ कर आऊंगा लेकिन देव घर नहीं पहुंचा भ्रमित होकर कोई दूसरी ट्रेन पकड़ लिया था या किसी अनहोनी का शिकार हो गया था यह किसी को पता नहीं चला। पूरा परिवार रिश्तेदार सब हैरान परेशान भूख प्यास सब गायब हो गई परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। अंततः ईश्वर की कृपा हुई देव शुक्ला ने पंजाब से रविवार रात में फोन करके अपनी मां को बताया कि मैं पंजाब के एक आश्रम में दो दिन पहले आया हूं इसके पहले मैं कहां था कैसे था यह नहीं पता। देव के माता-पिता एवं चाचा और परिवार के लोग देव को लेने पंजाब पहुंचें और उसको लेकर आश्रम से वापस आये। परिवार के सभी सदस्यों, रिश्तेदारों, शुभ चिंतकों में छाई उदासी, कष्ट, हैरानी, परेशानी देव को देखकर दूर हो गई और सबकी आंखें अपने लाल को देखकर छलछला उठी।



### कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि : अवधेश चन्द्र गुप्ता

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार अश्वनी कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में रविवार को बूथ प्रबंधन कमेटी का गठन व कार्यकर्ता सम्मान योजना की बैठक हुई। बैठक में आगामी 17 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से विचार विमर्श करके योजना बनाई गई। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कार्यकर्ता संगठन के लिए तन मन एवं निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर कार्य करता है जिसका परिणाम आज प्रदेश से लेकर देश भर में भाजपा संगठन अपना परचम लहरा रही है। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हर मण्डल से कार्यकर्ता शिविर में रक्तदान करेंगे। जिलाध्यक्ष गंगापार ने सभी मण्डल और मोर्चा एवं प्रकोष्ठों को इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए बनाई गई योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सांसद केसरी देवी पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा हर बूथ स्तर पर हर गांव में बूथ प्रबंधन समिति का गठन पर बल देते हुए कहा कि बूथ जितना ही मजबूत होगा उतनी ही मजबूती से संगठन प्रदेश एवं देश में अपना कार्य करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव 2024 मिशन में कामयाबी हासिल होगी। तथा बैठक में मौजूद नवनियुक्त विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हौसला बढ़ाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मी कांत उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, जीतलाल त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी, कविता पटेल, मनोज निषाद, किरन त्रिवेदी, विमलेश पटेल, अनिल सरोज, शिवनारायण सिंह गप्पू , मनोज तिवारी, पुष्कर सिंह, भूपेंद्र मिश्रा पप्पू सहित आदि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तालाब पर अतिक्रमण हटाने गई राजस्व की टीम बैरंग लौटी, सप्ताह भर के लिए दी मोहलत

**करछना।** सोमवार को तहसील करछना क्षेत्र के पचदेवरा गांव में कोर्ट के आदेश पर तालाबी रखबे पर बने अवैध निर्माण व अतिक्रमण को खाली कराने राजस्व टीम नायब तहसीलदार ने पुलिस बल व बुलडोजर के साथ कार्रवाई करने पहुंचे ।लेकिन कार्रवाई किए जाने से पहले ही सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठे होकर विरोध करना शुरू कर दिया। डेढ़ दर्जन से अधिक प्रभावित हो रहे ग्रामीणों का कहना है की वह कई पीढ़ियों से घर बनवा कर जीवन यापन करते चले आ रहे हैं। जिनके पास कोई अन्य भूमि नहीं है। प्रशासन द्वारा अचानक कीए जा रहे कार्रवाई से वह सभी बेघर हो जाएंगे। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान गुलाम रसूल ने प्रशासन से वार्ता करते हुए 1 सप्ताह के लिए कार्रवाई पर रोक लगा दी गई। जिसके बाद राजस्व की टीम में सप्ताह भर का मोहलत देकर बैरंग लौट आया। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि सप्ताह के भीतर बेघर हो रहे सभी भूमिहीन परिवार को दूसरी जगह जमीन मुहैया कराकर विस्थापित कर दिया जाएगा। नायब तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सम्मन तामिल पूर्ण न होने और पर्याप्त फोर्स ना होने की वजह से कार्रवाई को रोका गया है। अगले डेट पर कार्रवाई कर तालाब पर बने सभी निर्माण को ध्वस्ति करण किया जाएगा।

# प्रयागराज वॉलीबाल संघ ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

## पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रंद्धाजलि





**अखंड भारत संदेश**

**मेजारोड़।** स्थानीय मेजारोड़ स्थित डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के प्रधान कार्यालय में ओलिंपिक के तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी को गरिमामयी पहचान दिलाने वाले हॉकी के जादूगर पद्मभूषित मेजर ध्यानचंद जी कि 117 वीं जयंती पर वॉलीबाल संघ के पदाधिकारियों एवं वॉलीबाल खिलाड़ियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात खिलाड़ियों ने एक फ्रेंडली मैच खेलकर कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।। उक्त अवसर पर जिला वॉलीबाल संघ, प्रयागराज के महासचिव आरपीशुक्ला, कोषाध्यक्ष केबीएलश्रीवास्तव, वाईएन सिंह, उमाकांत तिवारी, केपीसिंह, प्रभाकर चौबे, मुकेश शुक्ला, ठाकुर प्रसाद यादव, गजराज सिंह यादव, कार्तिकेय तिवारी आदि पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहें।

### सहसों में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

**सहसों।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हमारे देश के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर हर वर्ष मनाया जाता है। भारत के लिए महान ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का आज ही के दिन जन्म हुआ था। इसीलिए उनके जन्म दिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है। इसी प्रकार हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों में सोमवार को एक संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित डॉक्टर अमित यादव ने कहा हमारे देश के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद ने खिलाड़ियों को ध्यान में रखते हुए खेल को आगे बढ़ाया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि खेल खेलने से मनुष्य के शरीर में स्फूर्ति रहती है और कई प्रकार की बीमारियों से यह शरीर रोग मुक्त रहता है। डॉक्टर अमित यादव ने कहा मेजर ध्यानचंद की तरह हर युवा महिला पुरुष को खिलाड़ी बनकर देश व समाज में ख्याति प्राप्त कराने में सहयोग देना है। और इसी खेल के माध्यम से उन्हें सरकार द्वारा सरकारी नौकरी जैसी तमाम तरह की योजनाओं में उनको लाभ भी मिलता है। खेल दिवस युवाओं को खेल में भविष्य के लिए एक उत्साहित भविष्य का रास्ता सुदृढ़ होता है। खेल से युवाओं में मानसिक, शारीरिक, सामाजिक जैसे सारे विकास का रास्ता खुला रहता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर केसी गुप्ता, अरुण कुमार, नीरज कुमार, शिवम सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल कालेज में हॉकी के जादूगर की मनाई गई जयंती





**झूंसी।** क्षेत्र के स्कूल कॉलेजों, खेल मैदानों में सोमवार को हाकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। खिलाड़ियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। हवेलिया स्थित न्याय नगर पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बुशरा मुस्तफा ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि हाकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद चाँदनी रात में सारी रात प्रेक्टिस किया करते थे इसलिए उनके मित्र उन्हें चंद्र नाम से भी पुकारते थे। महेंद्र प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भी खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ट्रस्टी गोल्डी सिंह, निर्देशिका उषा हैमिल्टन, प्रधानाचार्या शीना मरियम ने बच्चो का उत्साह वर्धन किया। वही विजय ग्रुप ऑफ हॉकी एकेडमी के खिलाड़ियों ने त्रिवेणीपुरम खेल मैदान में खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवनारायण यादव व विजय सिंह ने दादा ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

# हरितालिका तीज : सुहागिनों ने अपने हाथों पर सजवाई मेहंदी, ब्यूटी पार्लरों में लगी रही भीड़

## पूजन सामग्री व श्रृंगार के सामान तथा बिछिया पायल की हुई खूब खरीददारी



दुकानों से शंकर पार्वती की मूर्ति खरीदती महिलाएं



मेहंदी रची हाथों को दिखाती महिलाएं



ब्यूटी पार्लर में सजने महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हरतालिका तीज पर्व से एक दिन पहले सोमवार को बाजार गुलजार रहा। मंगलवार को सुहागिनें भगवान शिव और पार्वती की आराधना कर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। इसके लिए शंकर-पार्वती की मूर्ति, सुहाग की पिटारी, खीरा, रबड़ी, सूतफेनी व लाल कपड़े समेत सोलह श्रृंगार के सामानों की खूब बिक्री हुई। पर्व की तैयारियों के क्रम में हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए भी महिलाओं में होड़ रही। एक अनुमान के मुताबिक इस मौके पर बाजार में करीब पांच करोड़ का कारोबार हुआ।

**पूजन सामग्री की दुकानों पर रही भीड़ :**
तीज पर मिट्टी से बने शंकर-पार्वती की मूर्तियों की बिक्री जमकर हुई। इनमें 80 रुपये से लेकर 400 रुपये तक की मूर्तियां शामिल रहीं। सुहाग के सामान फुटकर में अधिक बिके। इसका पूरा सेट खरीदने में भी महिलाओं ने खूब दिलचस्पी दिखाई। चौक बाजार स्थित बरामदा में बिंदी, नेलपेंट, मेहंदी की कोन, आर्टीफीशियल मंगलसूत्र, सजने संवरने के अन्य सामान हाथों हाथ बिक गए। कारोबारी सैफ ने बताया कि बीते दो वर्ष बाजार में ज्यादा रौनक नहीं रही। लेकिन इस बार कारोबार अच्छा गया।

**बिछिया और पायल की बिक्री में भी उछाल :** तीज के मौके पर सराफा बाजार में भी तेजी रही। महिलाओं ने बिछिया, पायल आदि की खरीदारी की। इससे सराफा बाजार में पूरे दिन भीड़ लगी रही। श्रृंगार से जुड़े इन सामानों की खरीदारी के लिए महिलाएं सुबह से ही बाजार पहुंचने लगीं। प्रयाग ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि न्यूनतम 300 से दो हजार रुपये तक की बिछिया बिकी। पायल की भी बिक्री हुई, लेकिन बिछिया के मुकाबले यह कम रही।

**सूतफेनी और रबड़ी की जमकर हुई बिक्री:**
तीज के अवसर पर एक दिन पहले महिलाएं रबड़ी, सूतफेनी आदि का सेवन करती हैं। इस वजह से सोमवार को शहर की नामी से लेकर मिठाई की छोटी दुकानों तक पर सूतफेनी और रबड़ी खरीदने वालों की भीड़ रही। देसी घी की सूतफेनी कहीं-कहीं 800 रुपये किलो तक बिकी।

**सजना के लिए पार्लर में सजने पहुंचीं सजनी :**
वैसे तो महिलाओं को हमेशा से ही सजना-संवरना भाता है लेकिन मौका हरतालिका तीज का हो तो सोलह श्रृंगार खास हो जाता है। करवा चौथ की तर्ज पर विगत कुछ वर्ष से तीज के मौके पर ब्यूटी पार्लर जाकर सजने संवरने का क्रेज काफी बढ़ा है। शायद इसी वजह से पर्व के एक दिन पहले शहर के तमाम नामी ब्यूटी पार्लर पर सजने के लिए काफी संख्या में महिलाएं पहुंची।अमूमन खास मौकों के लिए फेशियल, हेयर कट, मैनीक्योर और पैडीक्योर जैसी ब्यूटी सर्विस महिलाएं लेती ही हैं, लेकिन तीज के मौके पर ब्यूटी पार्लरों की ओर से भी महिलाओं को खास पैकेज दिए गए। सिविल लाइंस, कटरा, कोठापार्चा आदि स्थानों पर स्थित ब्यूटी पार्लर में पर्व के एक दिन पहले काफी महिलाएं श्रृंगार के लिए पहुंची। सिविल लाइंस स्थित जया सैलून की जया मिश्रा ने बताया कि तीज पर नेचुरली मेकअप की डिमांड इस बार ज्यादा रही। पर्व के मौके पर मंगलवार को भी महिलाओं ने एडवांस बुकिंग करवा रखी है।

**मेंहदी लगवाने की मची होड़ :**
सिविल लाइंस का सुभाष चौराहा, शॉपिंग मॉल, चौक, कटरा, कोठापार्चा आदि बाजारों में कोन मेहंदी लगाने वाले कलाकारों की चांदी रही। मेहंदी लगवाने के लिए महिलाएं और युवतियों को अपनी बारी के इंतजार में एक-एक घंटे बैठना पड़ रहा है। मेहंदी लगाने के लिए कलाकार 300 से 500 रुपये तक लेते दिखाई दिए।




## जूही सेवा संस्थान ने तीज महोत्सव पर महिलाओ को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** महिला सशक्तिकरण व स्वावलम्बन हेतु सतत प्रतिबद्ध राष्ट्रीय सामाजिक संगठन जूही सेवा संस्थान ने महिला सेवा सदन महाविद्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में छात्राओं व अध्यापिकाओं भारी संख्या में तीज महोत्सव के अंतर्गत सौंदर्य व मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपने प्रतिभा का परिचय दिया! मिशन शक्ति व महिला उत्थान हेतु सदैव तत्पर जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं व अध्यापिकाओं को अभिनंदन पत्र व विभिन्न पुरूस्कारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेविका सीता देवी निषाद ने बताया कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं को स्थापित कर राष्ट्र के प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित स्कूल की प्रोफेसर पार्वती सिंह प्रोफेसर रूबी वर्मा प्रोफेसर इच्छा नायर और आराधना कुमारी सपना श्रीवास्तव शालिनी जी जिसमें छात्राओं में प्रथम स्थान रिंकी द्वितीय करिश्मा सोनकर तृतीय स्थान आकांक्षा भारतीय सहित अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरनपुर विकास खण्ड – कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरनपुर के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 03–08–2022 से दिनांक 14–08–2022 तक सील बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17–08–2022 सायं 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 10 रूपये के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तें की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | अमृत सरोवर ग्राम पंचायत बरनपुर गाटा संख्या 345 गोपाल तालाब | 5.50 लाख | |

(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत बरनपुर
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

(ग्रा. पं. वि. अ.)
ग्राम पंचायत बरनपुर
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2022-23/दिनांक



## कार्यालय ग्राम पंचायत घेघसाही विकास खण्ड – कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घेघसाही के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 03–08–2022 से दिनांक 14–08–2022 तक सील बन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17–08–2022 सायं 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 10 रूपये के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तें की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | अमृत सरोवर ग्राम पंचायत घेघसाही गाटा संख्या 150 | 3.96 लाख | |

(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत घेघसाही
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

(ग्रा. पं. वि. अ.)
ग्राम पंचायत घेघसाही
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2022-23/दिनांक


## न्यूज झरोखा

### सरस्वती घाट में मनमानी तरीके से वसूल रहे पैसा

**नैनी।** बाढ़ देखने आए लोगों से गंगा यमुना का रौद्र रूप देखने के लिए शहर वासी घाटों के किनारे पहुंच रहे हैं जहां एक और शहर के कई इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने से तबाही मची है वहीं दूसरी ओर बाढ़ का नजारा देखने सरस्वती घाट पर पहुंच रहे लोगों से पैसे वसूले जा रहे हैं मनमाने तरीके से रसीद काट के उन्हें गेट के अंदर प्रवेश दिया जा रहा है साथ ही साथ गाड़ी पार्किंग का भी टिकट काटा जा रहा है नए यमुना ब्रिज पर हाल इतना खराब है कि बाढ़ का नजारा देखने आए लोगों की भीड़ जमा हो गई है पुल पर पैर रखने तक की जगह नहीं है अगर कोई हादसा हुआ तो उसका कौन जिम्मेदार होगा।

### परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा बाढ़ पीड़ितों को बाटी गई राहत पैकेज

**मेजा।** बाढ़ पीड़ितों को राहत पैकेज के वितरण में परमार्थम् सेवा संस्था एनजीओ ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु अपना कदम आगे बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितो की मदद को आगे आया। वहीं शासन प्रशासन द्वारा भी इस त्रासदी में फसें पीड़ितों की सुरक्षा, रहन-सहन, भोजन व दवाइयों सहित अनेक उपाय किए जा रहे हैं। जिसमे सोमवार को परमार्थम् सेवा संस्था प्रयागराज की टीम द्वारा नाव के सहारे क्षेत्र के बरसैता, कोना डेरा, भटौती, बंधवा सहित अन्य जगहों पर करीब डेढ़ सौ बाढ़ पीड़ितों को राहत पैकेज में आटा, चावल, दाल, आलू, सरसों का तेल, मसाला एवं बीमार रहे बाढ़ पीड़ितों को दवा का भी वितरण किया गया। पीड़ितों की सेवा भावना में राम कैलाश विश्वकर्मा,धनंजय प्रजापति,अखिलेश कुमार यादव,गोपाल जी यादव, चंद्रदीप रामनाथ यादव, वैभव यादव, सुरेंद्र कुमार निषाद, दीपक पटेल,विशाल यादव, सुंदरम प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत के नाम पर मिल रहा है आश्वासन

**झूंसी।** क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित दर्जनों गांव टापू में तब्दील हुए हैं यहां हफ्तों से बिजली कटी हुई है जिसकी वजह से लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। नाव से आवागमन कर रहे लोग बाहर से पीने के लिए पानी ला रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन से मोमबत्ती माचिस भी नहीं मिला। क्षेत्र के बदरा, सोनौटी, ढोलबजवा, कोहना की निसाद बस्ती, लीलापुर कला की यादव बस्ती के साथ तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी घुसे हफ्ते भर के ऊपर हो गया है एहतियातन यहां की बिजली काट दी गई है। बाढ़ पीड़ित लोगो को प्रशासन की ओर से नाव के अलावा कोई मदद नही मिली उमेश निषाद ने बताया कि बाढ़ में डूबी बस्तियों में रहने वाले लोगो को बाढ़ में सब से ज्यादा पीने के पानी व शौच की समस्या है। लोग पीने के लिए पानी दूसरी बस्तियों से ला रहे है। वही पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरामणि यादव उर्फ धोनी ने बताया कि बाढ़ से पीड़ित लोगो को प्रशासन की ओर से केवल नाव मिली है अंधेरे में डूबे क्षेत्रवासियों को मोमबत्ती माचिस भी नहीं मिल पाई।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में वितरित की दवाएं

**करछना।** करछना तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों में तराई क्षेत्र गंगा एवं टोंस नदी की बाढ़ के चपेट में कई दिनों से प्रभावित है जहां पर लोग पेयजल खाने-पीने रहने की समस्या से जूझ रहे हैं तथा और अधिक संक्रमण जैसी बीमारी से लोगों को गुजर ना पड़े इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना की टीम सोमवार को क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवो में रहने वाले लोगों से मिलकर परेशानियां जानी तथा संक्रमण के बचाव के लिए दवाओं के टिप्स वितरित किए जिससे संक्रमण एवं महामारी जैसी बीमारी को रोका जा सके संक्रमण रोग नियंत्रण टीम के सदस्यों ने आधा दर्जन गांवों कटका ,बबुरा ,खजुरौल, बबुरा खास, लटकहा का दौरा कर प्रभावित जनसंख्या को जल शुद्धिकरण के लिए क्लोरीन टेबलेट ब्लीचिंग पाउडर का वितरण वितरण किया। टीम में शामिल स्वास्थ्य कर्मी जगदंबा प्रसाद यादव, राजीव कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार मिश्रा ,आदि स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

### सूने पड़े मकान को चोरों ने खंगाला, ताला तोड़ लाखों की हुई चोरी

**शंकरगढ़।** पिता की मृत्य पर मकान छोड़कर गांव गए परिवार को चोरों ने लाखों रुपये की चपत लगा दी। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक 28 अगस्त की रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मामले की तहरीर शंकरगढ़ पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ के करियाखुर्द गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह पुत्र स्व. नंद कुमार सिंह काफी समय से नगर पंचायत शंकरगढ़ के सेननगर चौराहा (कपारी रोड) पर मकान बनवाकर रहते हैं। अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बीते 25 अगस्त को उनके पिता का देहांत हो गया। इस वजह से वह परिवार के साथ अपने गांव करियाखुर्द चले गए। बताया कि 28 अगस्त को किराएदार भी अपने घर चलाए गए थे। इसवजह से उनका पूरा मकान खाली था। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनका पूरा मकान खंगाल डाला।

### वांछित चल रहा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**मेजा।** मेजा पुलिस ने थाना क्षेत्र के इसौटा गांव मे हुई युवक की हत्या के आरोप मे नामित आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया। बता दें कि एक सप्ताह पूर्व मेजा के इसौटा गांव के युवक आकाश कुमार निषाद की पीटकर हत्या कर दी गई थी। मेजा पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी हुई थी और सोमवार को मुखवीर की सूचना पर थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह, दरोगा अखिलेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ हत्या के आरोपी को डाबर पुलिया से आरोपी शिवचरण निषाद पुत्र रामस्नेही निवासी इसौटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# एसआरएन : ईएमओ की पिटाई के बाद जमकर बवाल, 100 छात्र-छात्राएं किये गये निलंबित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर (ईएमओ) की पिटाई के बाद जमकर बवाल हुआ। जूनियर डॉक्टर और डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी (डीएमएलटी) प्रशिक्षु आपस में भिड़ गए और फिर जमकर मारपीट हुई। ट्रामा सेंटर में भी तोड़फोड़ की गई। घटना से एसआरएन से लेकर मेडिकल कॉलेज तक हंगामा मचा रहा। इस प्रकरण में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने डीएमएलटी फर्स्ट ईयर के एक पूरे बैच को एक महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। इस बैच में 100 छात्र-छात्राएं हैं। साथ ही जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।घटना सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब हुई। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर पैथोलॉजी में पहुंचे और वहां मौजूद डीएमएलटी प्रशिक्षु से एक ब्लड सैंपल की जांच रिपोर्ट जल्द देने को कहा। आरोप है कि डीएमएलटी प्रशिक्षु ने उनसे क्रम से ही जांच रिपोर्ट मिलने की बात कही, जिसे लेकर उनके बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान ईएमओ ने उसे थप्पड़ मार दिया। प्रशिक्षु ने जानकारी दी तो मेडिकल कॉलेज से उसके बैच के पांच दर्जन छात्र-छात्राएं एसआरएन पहुंच गए। वहां सीधे वह ट्रामा सेंटर में पहुंचे और ईएमओ की पिटाई शुरू कर दी। इमरजेंसी कक्ष में मौजूद जूनियर डॉक्टरों ने बीचबचाव किया तो उन्हें भी पीट दिया। उधर, साथियों ने घटना की जानकारी दी तो बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर भी जुट गए और फिर उन्होंने डीएमएलटी प्रशिक्षुओं पर हमला बोल दिया। इसके बाद उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इनमें छात्राएं भी शामिल थीं। डीएमएलटी प्रशिक्षु भागकर वापस मेडिकल कॉलेज गए तो जूनियर डॉक्टर भी पीछे-पीछे वहां पहुंच गए। सूचना मिली तो सीओ कोतवाली तीन थानों की फोर्स लेकर एसआरएन पहुंचे। जानकारी पर एसआरएन एसआईसी व मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल समेत पूरा प्रशासनिक अमला मेडिकल कॉलेज पहुंच गया। वहां दोनों पक्षों को समझाकर शंत कराया गया और फिर घंटों पंचायत चलती रही। बाद में समझौता हो गया। प्रकरण की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। जांचोपरांत जो रिपोर्ट कमेटी देगी, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. एसपी सिंह, प्राचार्य, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज

**डीएमएलटी प्रथम वर्ष का पूरा बैच सस्पेंड :** इस मामले में देर शाम मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। मेडिकल कॉलेज कैंपस से एसआरएन अस्पताल में पहुंचकर मारपीट के मामले को घोर अनुशासनहीनता मानते हुए डीएमएलटी प्रथम वर्ष का पूरा बैच सस्पेंड कर दिया गया। इनमें 100 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया जो बातें सामने आई हैं, उसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सूचना पर मैं मौके पर गया था और तब तक मामला शांत हो चुका था। दोनों पक्षों में समझौता होने की सूचना है। किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

**- सत्येंद्र प्रसाद तिवारी, सीओ कोतवाली**

**मची रही अफरातफरी, मरीज हुए परेशान :**
घटना से एसआरएन अस्पताल में घंटों अफरातफरी मची रही। उधर मरीजों को भी परेशान होना पड़ा। घटना के दौरान कुछ देर के लिए ट्रामा सेंटर व अन्य वार्डों में मरीजों का उपचार भी ठप हुआ। हालांकि थोड़ी देर बाद काम शुरू हो गया।

# फीस वृद्धि के खिलाफ भड़के छात्रों का जोरदार प्रदर्शन, इविवि के मुख्य गेट पर जड़ा ताला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में फीस वृद्धि के खिलाफ सोमवार को एबीवीपी के कार्यकताओं ने परिसर के मेन गेट पर तालाबंदी और कुलपति कार्यालय का घेराव किया। वहीं, संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले छात्रों ने परिसर में जुलूस निकाला और प्रदर्शन किया। एबीवीपी के कार्यकताओं ने सोमवार सुबह 11.30 बजे केंद्रीय पुस्तकालय के सामने परिसर में प्रवेश के लिए मेन गेट पर ताला जड़ दिया। तालाबंदी ढाई बजे तक चली। इस दौरान परिसर में वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप रहा। फीस वृद्धि वापस लेने के साथ छात्रों की 10 अन्य मांगें भी हैं। छात्र चाहते हैं कि छात्रसंघ की बहाली शीघ्र हो और केंद्रीय पुस्तकालय 24 घंटे खोला जाए।साथ ही छात्रों के लिए वाईफाई और उच्च स्तरीय शोध पत्रिकाओं की व्यवस्था की जाए, बंद पड़े छात्रावास आवंटित किए जाएं, परिसर में पिंक टॉयलेट एवं सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तत्काल लागू किया जाए, परिसर को पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों से मुक्त कराया जाए। छात्रों ने कहा कि 48 घंटें में मांगें पूरी नहीं हुईं तो सभी विभागों में जाकर कक्षाएं बाधित की जाएंगी और आंदोलन उग्र होगा।इन्हीं मुद्दों को लेकर एबीवीपी के छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। तालाबंदी के दौरान छात्रों और इविवि प्रशासन के अफसरों के बीच तीखी बहस भी हुई। इसमें अतेंद्र सिंह, नीरज प्रताप सिंह, शिवम सिंह, आलोक राय, कार्तिकेय त्रिपाठी, अभिनव मिश्र, शुभम सिंह, अमर सिंह, देव मौर्य, अभिषेक सिंह, शुभम द्विवेदी आदि मौजूद रहे। उधर, छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर 770 दिनों से आंदोलन कर रहे छात्रों ने फीस वृद्धि के खिलाफ परिसर में जुलूस निकाला। चार गुना फीस वृद्धि के खिलाफ उन्होंने डीएसडब्ल्यू कार्यालय का घेराव भी किया और ज्ञापन सौंपा। इसमें छात्र नेता अजय यादव सम्राट, राहुल पटेल, नवनीत यादव, हरेंद्र कुमार, अजय पांडेय, आदर्श भदौरिया, अमित द्विवेदी, अविनाश, जितेंद्र, धनराज आदि शामिल रहे।

**तीन अनशनकारी छात्र अस्पताल में भर्ती**

फीस वृद्धि के विरोध में इविवि के डीएसडब्ल्यू कार्यालय के सामने संयुक्त मोर्चा के तहत आमरण अनशन कर रहे तीनों छात्रों चंद्र प्रकाश, देवेंद्र आजाद और नितिन मलिक की सोमवार को तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार भोर में तीन बजे के आसपास नितिन मलिक की नाक से रक्तस्नाव होने लगा। तुरंत एंबुलेंस बुलाई गई और उसे अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद चंद्र प्रकाश और देवेंद्र आजाद की भी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। इनमें से एक को एंबुलेंस और दूसरे को पुलिस की जीप से अस्पताल पहुंचाया गया। उनके जाने के बाद तीन अन्य छात्रों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरौल वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत खजुरौल विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यों में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30–08–2022 से दिनांक 14–09–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत खजुरौल में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15–09–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला 15–09–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस. टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | भारतेन्द्र के घर से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 120 मीटर | 3.99 लाख | 3 माह |
| 2. | अशोक के घर से पंचराज के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य 118 मीटर | 3.98 लाख | 3 माह |
| 3. | नीतू के यहाँ पशु शेड | 1.18 लाख | 3 माह |
| 4. | शान्ती देवी के यहाँ पशु शेड | 1.19 लाख | 3 माह |

संदीप यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

महेश कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# भगवान नाम ले ले लेने में ही है भगवत दर्शनः रश्मी

## संकट मोचनधाम पर भागवत कथा का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के संकट मोचनधाम सभागार में हो रही श्रीमद् भागवत कथा का भजन संकीर्तन के साथ सोल्लास समापन हुआ। समापन बेला में नगरीय एवं ग्रामीण अंचल से श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में कथा का रसास्वादन करते देखा गया।

श्री वृंदावन धाम से पधारीं कथा ब्यास देवी रश्मी किशोरी ने कथा का मर्म समझाते कहा मनुष्य को दिन रात भगवान का भजन करना चाहिये। उन्होंने कहा जो शुद्व भाव से राधे कृष्ण का नाम जप लेगा,उसका जीवन स्वयं कृत कृत्य हो उठेगा। देवी रश्मी ने कहा कि सरलता से, तन मन, वचन से भगवान का नाम जपना ही भगवत दर्शन का पुण्य है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान के नाम का जप करने मात्र से समस्त पापों का स्वतः नाश हो जाया करता है। कथा ब्यास देवी रश्मी ने नारी शक्ति को अनुपम बताते हुये कहा कि भगवान कृष्ण ने गोपियों को पति धर्म का साश्वत ज्ञान दिया। भगवान के बोध कराये गये नारी धर्म का अनुसरण करने वाली नारी ही सर्वशक्ति संपन्न संपूर्ण वैभव का अलंकरण धारण विया करती है। कथा के दौरान भगवताचार्य पं विनय शुक्ल ने भी धर्म पथ को जीवन का सुगम पथ निरुपित किया।


कथा का श्रद्वालुओं को मर्म समझाती देवी रश्मी किशोरी।

सामूहिक कथा के संयोजक सुरेन्द्र कुमार सगीताचार्य ने कथा ब्यास रश्मी किशोरी का श्री अभिषेक किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व क्षेतीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कथा ब्यास का नगर के लोगों की ओर से सारस्वत सम्मान किया। कथा समापन पर राधे कृष्ण नाम जाप संकीर्तन व भजन गायन में श्रद्वालु भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर देवानंद मिश्र, वृजेश द्विवेदी, आदर्श मिश्र, बद्री प्रसाद मिश्र, नवीन शुक्ल, पवन प्रखर, चंद्रमणि शुक्ल, प्रकाश चंद्र मिश्र, विनय पांण्डेय, सोनू मिश्र, संतोष सिंह आदि रहे।

# एथलेटिक के राष्ट्रीय प्रशिक्षक घनश्याम यादव बढ़ा रहे राष्ट्र का गौरव

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** प्रदेश में बेल्हा के लाल घनश्याम यादव का नाम बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है। इनका संघर्ष सिर्फ दूसरों को सफलता की राह दिखाता है।

स्वयं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहकर दर्जनों स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक जीतकर खिलाड़ी से कोच बने घनश्याम यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया को लगातार धार दे रहे हैं। मांधाता ब्लॉक की ग्राम जददूपुर पोस्ट छितपालगढ़ निवासी बद्री प्रसाद यादव के पुत्र घनश्याम यादव मौजूदा समय में भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम टीटी नगर में राष्ट्रीय प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। घनश्याम यादव द्वारा संदीप सरोज, बबीता पटेल, करन सरोज, शिवम सिंह आजाद, नीतिका आकारे, देव मीणा आदि दर्जनों खिलाड़ियों को घनश्याम यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

## मनरेगा में अनियमितता के आरोप को लेकर ज्ञापन, जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक के देउम पूरब गांव में दर्जन भर ग्रामीणों ने मनरेगा के कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर विरोध जताया। आरोप लगाने वाले ग्रामीणों का कहना है कि गांव में मनरेगा योजना में एक कार्ययोजना पर बिना कार्य कराए ही मजदूरों का भुगतान दिखाकर सरकारी धन गड़प किया गया है। शिकायत पर गांव के प्रधान तथा तकनीकी सहायक व पंचायती सचिव पर अनियमितता का आरोप लगाया गया है। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों को जब ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी नही मिले तो वह नारेबाजी करने लगे। हालांकि शिकायतकताओं ने ब्लाक मुख्यालय पर मौजूद अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को शिकायती पत्र सौंपकर अनियमितता की जांच की मांग उठाई। विरोध जताने वालों में रामदेव गुप्ता, धनंजय मिश्र, संतोष यादव, पवन मिश्र, बाबूलाल वर्मा, शिवराम पासी, मोती गुप्ता, राजाराम गुप्ता आदि रहे।

# साथी अधिवक्ता के खिलाफ केस दर्ज होने पर भड़के वकील, सीओ को सौंपा ज्ञापन

## अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने सीओ को सौंपे गये ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता के खिलाफ केस दर्ज होने को उत्पीड़न की कार्रवाई करार देते हुए सोमवार को वकीलों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। वकील नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर से सीओ कार्यालय आ धमके।

यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने सीओ को सौंपे गये ज्ञापन मे कहा है कि अधिवक्ता के पिता ने ग्राम प्रधान होने के नाते सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध किया तो विपक्षियों ने उनके घर पर ईट पत्थर चलाकर ताण्डव किया। आरोपियो ने वकील के घर पर खड़ी बोलेरो भी तोड दी और परिवार के सदस्यों को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आत्मरक्षार्थ वकील ने लाइसेंसी बंदूक उठायी तब परिवार के सदस्यों की जान बच सकी। वकीलों का आरोप है कि अधिवक्ता के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न किया है।

वकीलों ने अधिवक्ता के परिवार की तरफ से भी सीओ से केस दर्ज कराए जाने की भी मांग उठाई। सीओ रामसूरत सोनकर ने घटना में निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाकर वकीलों को शांत कराया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, महामंत्री शेष तिवारी, पारसनाथ सरोज, सुशील शुक्ल, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, रामकुमार पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, अनूप पाण्डेय, अरूण पिपरा, बृजराज यादव, अमृतलाल यादव, भालेन्दु तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

## धू-धू कर जल उठी ईट भट्ठे पर खडी ट्रक, अज्ञात के खिलाफ तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ईट भटठे पर खडे ट्रक मे अज्ञात कारणों से रविवार की रात अचानक आग लग गयी। ट्रक धू धू कर जलने लगा तो भटठे पर मौजूद श्रमिक जाग गये। श्रमिकों ने आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए शोर मचाया। आग का गोला बनी ट्रक को देखकर भटठे पर मौजूद मजदूर सहम भी गये। इस बीच फोन पर सूचना पाकर ट्रक मालिक भी वहां आ पहुंचा। लीलापुर थाना के सराय मकई निवासी मो. वहीद के पुत्र मो. हसीब ने सप्ताह भर पहले अपना ट्रक पडोसी गांव पतुलकी स्थित नसीम पहलवान के ईट भटठे पर खड़ा कर दिया था। रविवार की रात डेढ़ बजे अचानक ट्रक आग की चपेट मे आ गयी। आग ट्रक के अंदर सार्टसर्किट से हुई या रंजिशन अराजक तत्वों ने चुपके से उसमे आग लगा दी।

# पीबीपीजी कालेज में नवनियुक्त प्राचार्य ने ग्रहण किया पदभार

## महाविद्यालय के प्रबंधक ने राजा अनिल प्रताप सिंह रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा चयनित प्राचार्य प्रो० अमित कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में नवनियुक्त प्राचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

महाविद्यालय के प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण कराते हुए कहा कि नवनियुक्त प्राचार्य का अनुभव एवं प्रशासनिक क्षमता महाविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने पूर्व प्राचार्य डॉ०बृज भानु सिंह के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाविद्यालय की प्रगति में श्री सिंह का अथक परिश्रम का परिणाम रहा है। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ० धर्मेन्द्र प्रताप सिंह सिंह ने कहा कि नवनियुक्त प्राचार्य प्रो० अमित कुमार श्रीवास्तव इसके पहले डी०ए०वी० पी०जी० कॉलेज कानपुर में कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में कार्य कर चुके हैं। प्राचार्य का स्वागत दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन करके महाविद्यालय में किया गया। संचालन डॉ0 शिव प्रताप सिंह ने किया।


नवनियुक्त प्राचार्य का स्वागत करते प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह।

इस अवसर पर डॉ ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, डॉ उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ राजीव सिंह डॉक्टर के के सिंह, डॉ रश्मि सिंह, बंदना सिंह, डॉ सी पी पांडे, नीरज पांडे, नीरज त्रिपाठी, दिनेश कुमार, डॉ भावना सिंह, डॉ रेनू सिंह, डॉ पवन कुमार सिंह, आशीष कुमार मालवीय, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ प्रणव झा, डॉ देवेश कुमार सिंह, डॉ राकेश सिंह, अजीत कुमार सिंह, सुमित सिंह, अरविंद कुमार सिंह, डॉक्टर शिव कुमार सिंह, वंदना सिंह, संतोष कुमार सिंह, बालेंद्र भूषण सिंह, राहुल सिंह, विनय सिंह, अनिल कुमार सिंह, संदीप कुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रमदान कर सड़क बना रहे बच्चा बैंक के छात्र

## स्कूली बच्चों और राहगीरों को आने जाने में आ रही दिक्कत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जहां चाह वहीं राह। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी से जुड़े फ्री स्टडी सेंटर के अध्ययनरत छात्र सड़क बनाकर इस फलसफे को सार्थक कर रहे हैं। बारिश से लबालब पुराने रास्ते के स्थान पर नई सड़क बनाने का काम उनके श्रमदान से तेजी से चल पड़ा है। उनके कार्य को देख ग्रामीणों ने भी श्रमदान करना शुरू कर दिया है। भंगवा, जोगापुर, किना का पुरवा, पाण्डेय का पुरवा समेत दर्जन भर गांव को जाने के लिए एक कच्चा मार्ग सुर्खी साइडिंग से रेलवे लाइन के किनारे किनारे से गया है। इसके इर्दगिर्द कई प्राइमरी, मिडिल, कांवेंट और इंटर कालेज है। स्कूलों के छात्रों के साथ ही ग्रामीणों का भी इसी रास्ते से अधिक आना जाना होता है। बारिश से रास्ते में जलभराव है। जगह जगह गड्ढे बन गए हैं। फ्री स्टडी सेंटर के बच्चे भी इसी रास्ते से आते हैं। कीचड़ से लोग फिसलकर गिर जाते हैं। लोगों की दिक्कत को देखकर बच्चा बैंक के छात्रों ने सड़क बनाने की शुरूआत की है। हालंकि सड़क अधिक लंबी नहीं है। फिर भी छात्रों के हौंसले को देख कर ग्रामीण खुद को रोक नहीं पाए वे उनका साथ दे रहे हैं। छात्र साहिल, निखिल, हिमांशु, डीपू, शुभम, नितेश, विष्णु समेत कई अन्य छात्रों ने श्रमदान करके नई सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। जो एक दो दिन में पूरा हो जायेगा। ग्रामीणों ने छात्रों के कार्य की सराहना की है।


कच्चे रास्ते पर श्रमदान करते बच्चा बैंक के छात्र।

## बरसात में जलमग्न हो गया है पुराना कच्चा रास्ता

## अपहरण के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना लीलापुर के उ0नि0 सुनील कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 26/2022 धारा 363, 366, 504, 506 भादंवि व धारा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त शनी उर्फ चन्द्र प्रकाश पुत्र जयसिंह निवासी बासूपुर थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लीलापुर के बोझवा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियोग से संबंधित अपहृता को बरामद किया जा चुका है।

# प्रभात एकेडमी में हुई मेंहदी प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सोमवार को प्रभात एकेडमी में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कौशाम्बी हाउस से निष्ठा त्रिपाठी, श्रेयांशी, शुभी, वर्तिका, नालंदा हाउस से श्रीवास्तव, खुषी सिंह, आयुषी सिंह, मंषा मनार, नव्या शुक्ला, तक्षशिला हाउस से पौलमी तिवारी, जान्हवी श्रीवास्तव, अनामिका, सानवी शुक्ला एवं विक्रमषिला हाउस से टिंवकल सरोज, स्वाती सिंह, दिव्या शुक्ला, संजना ने प्रतिभाग किया। कौषाम्बी हाउस के बच्चों ने प्रथम स्थान, तक्षषिला हाउस के बच्चों ने द्वितीय स्थान व नालंदा हाउस के बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


मेंहदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

## दुर्घटना में लेखपाल चुटहिल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे तैनात चकौड़िया निवासी लेखपाल राजेन्द्र पाण्डेय दुर्घटना में सोमवार की सुबह घायल हो गये। वह बाइक से क्षेत्र में किसी काम से निकले थे। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर स्थित पुल के पास आमने सामने अचानक बाइक टकरा गयी। इसके चलते लेखपाल राजेन्द्र पाण्डेय (52) को चोटें आ गयी।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में वितरित किया गया प्रमाण पत्र

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पट्टी नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कई प्रकार के खेल आयोजित किए गए, उसके बाद खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया साथ ही साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित भी किया।

पट्टी नगर में स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाकी, कबड्डी सहित अन्य खेल का आयोजन किया गया। उसके बाद खिलाड़ियों को महाविद्यालय के सभागार में उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया।

भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ राम भजन अग्रहरि राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा चयनित सर्किल कबड्डी खेल में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ में प्रतिभाग किए संजय तिवारी बीए द्वितीय वर्ष, प्रिंस दुबे बीए द्वितीय वर्ष, आदित्य यादव बीए द्वितीय वर्ष, को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मेजर ध्यान चंद्र हाकी के जादूगर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर अग्रहरि ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रीड़ा प्रभारी डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, यह न सिर्फ हमे स्वास्थ्य प्रदान करता है बल्कि हमें अनुशासन में भी बांधता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ मिथिलेश त्रिपाठी डॉ राकेश पांडे डॉ दिलीप सिंह और अन्य अध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने लोगों के प्रति आभार भी प्रकट किया।


महाविद्यालय में मौजूद विजयी खिलाड़ी व शिक्षकगण।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व छिनैती का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ रंजिशन मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी के साथ छिनैती का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के कुम्भीआइमा निवासी लियाकत के पुत्र इमरान हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रविवार को वह अपने मिस्त्री कुलदीप विश्वकर्मा की बाइक से आवश्यक कामकाज से लालगंज आ रहा था। सुबह करीब दस बजे लालगंज कोतवाली के गोसाईं का पुरवा अमांवा के पास पीछे से दो बाइक पर सवार चार लोग आये और पीड़ित को गाली देने लगे। विरोध करने पर उदयपुर थाना के खानीपुर निवासी अतुल सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह, रामकिंकर सिंह पुत्र राजन सिंह व दो अन्य अज्ञात आरोपियो ने पीडित को मारापीटा तथा बाइक की चाभी छीन ली। शोर शराबा सुन राहगीर दौडे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते बाइक लेकर भाग निकले। इस बीच पीडित ने लोगों की मदद से एक आरोपी अतुल सिंह को बाइक समेत पीछा कर दबोच लिया।

## विधायक ने पीड़ित से मिलकर दी सांत्वना

**लालगंज प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहरी ग्राम सभा के निवासी भगवती प्रसाद वर्मा का आशियाना गिरने के बाद रानीगंज के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा शाम चार बजे देखने पहुंचे और पीड़ित के परिवार से हर संभव न्याय का आश्वासन दिया भरोसा भी दिलाया यही नहीं यही नहीं लगभग 15 मिनट तक पीड़ित परिवार के साथ सतपाल अंतिम जिले के कप्तान से फोन पर वार्ता कर घटना के विषय में अवगत कराया और कहा कि किसी भी कंडीशन में जो मुख्य आरोपी हैं उनकी गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो और इनके साथ न्याय हो, यह घटना लूट में लिखी जानी चाहिए।

# जिम्मेदार ही कर रहे है राष्ट्रीय ध्वज के नियमों की अवहेलना

## पुलिस चौकी से अभी भी नहीं उतारा गया राष्ट्रीय ध्वज, चौकी इंचार्ज को ही नहीं है जानकारी कि ध्वज उतारा भी जायेगा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ।** जब जिम्मेदार ही राष्ट्रीय ध्वज के नियमो की अवहेलना कर रहे है तो वह दूसरों को क्या सीख देंगे। स्वतंत्रता दिवस को लगभग पखवारे भर बीत जाने के बाद भी बाजारों के साथ ही कई सरकारी संस्थानों पर अभी भी देश का तिरंगा फहरा हुआ है। वही चौकी इंचार्ज को ही नहीं जानकारी है की ध्वज को उतारना भी है।

इस बार देश में 75वां स्वतंत्रता दिवस को धूम-धाम से आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। शासन का निर्देश था की हर घर पर 13 अगस्त से 17 अगस्त तक देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। उसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान पूर्वक उतार कर उसे सुरक्षित रख दिया जाए। ज्यादातर लोगों ने ऐसा ही किया, लेकिन कुछ लोगो ने लगभग पखवारे भर बीतने के बाद भी अभी राष्ट्रीय ध्वज को नहीं उतारा है। यहां तक कि रानीगंज कैथौला चैकी पर लगी सोलर लाइट में अभी भी लगा राष्ट्रीय ध्वज उतारा नहीं गया है। वह उसी खंभे में वह लिपट गया हुआ है जो की इस अवस्था में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। जब की यह राष्ट्रीय ध्वज संहिता 2002 की अवहेलना है। अब जब जिम्मेदार व पढ़े लिखे ही ऐसा कर रहे है तो गांव के अनपढ़ लोगों से क्या उम्मीद करें। वहीं दरोगा जी को यह जानकारी नहीं है कि ध्वज को सम्मान पूर्वक उतारना भी है। वहीं अभी बाजार व गावों के साथ ही वाहनों पर भी राष्ट्रीय ध्वज लगा दिखाई देता है। इस तरफ प्रशासन की नजर गई नही या फिर उनके द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। इस संबंध में चैकी इंचार्ज ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज है कोई भी लगाए कही भी लगाए हिंदुस्तान का झंडा है, अच्छा चलो देखते हैं।


रानीगंज कैथोला पुलिस चैकी पर सोलर लाइट के खंभे से लिपटा राष्ट्रीय ध्वज

# जमीनी विवाद में हुए खूनखराबे को लेकर दर्जनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस

## लाइसेंसी बंदूक को पुलिस ने कब्जे मे लेकर चार आरोपियों को भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर लालगंज कोतवाली के पूरे इच्छाराम गांव में रविवार की शाम दोनों पक्षों की ओर से पुलिस ने प्रधान व अधिवक्ता समेत दर्जनों आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा तोडफोड व बलवा समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। एक पक्ष के चार आरोपियो को पुलिस ने सोमवार को जेल भी भेज दिया। वहीं बवाल में सोशल मीडिया पर वायरल हुई लाइसेंसी बंदूक को पुलिस ने कब्जे मे ले लिया। इधर जमीनी विवाद के कारणों की जांच पडताल के लिए सोमवार को राजस्व टीम भी गांव पहुंची। हालांकि बवाल में सीओ ने सोमवार को भी फायरिंग की बात को पूरी तरह तथ्यविहीन एवं भ्रामक करार दिया है।

लालगंज कोतवाली के पूरे इच्छाराम गांव में जमीन पर टिन शेड रखने को लेकर रविवार की शाम दो पक्ष खून खराबे पर उतर आये। कहासुनी के बाद चले ईट पत्थरों से दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। घटना में एक आरोपी के हाथ लाइसेंसी बंदूक का वीडियो वॉयरल होने से पुलिस के हाथ पांव फूल आये। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक को कब्जे मे लेते हुए कुछ लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली उठा लायी। रविवार की देर रात एक पक्ष के दिनेश कुमार धनगर पुत्र कलेशर की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट तथा धारदार हथियार से हमला, गालीगलौज व धमकी तथा दहशतगर्दी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने घटना मे नामजद प्रधान कालूराम तथा उनके पुत्र अधिवक्ता जय नारायण यादव व हरीराम तथा ललित को सोमवार को न्यायालय दिया। वहीं पुलिस ने जय नारायण की मां सरजू देवी के नाम लाइसेंसी बंदूक को भी कब्जे मे ले लिया है। पुलिस का कहना है कि लाइसेंसी बंदूक महिला के नाम है तथा सोशल मीडिया पर वायरल होने से उसके दुरूपयोग की जांच की जा रही है। इधर सोमवार को दूसरे पक्ष की ओर से तहरीर के आधार पर ग्यारह आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, तोडफोड व मारपीट व बलवा समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जा रही है। इधर घटना के बाबत सीओ रामसूरत सोनकर ने सोमवार को बताया कि बंदूक से फायरिंग की बात भ्रामक है, मौके पर एक डिब्बी को खोखे के रूप में प्रदर्शित कर भ्रम फैलाया गया है। कोतवाली पुलिस को जांच के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी दशा मे घटना के आरोपी बच नहीं सकेंगे। इधर सोमवार को खून खराबे का केंद्र बनीं जमीन की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए गांव में राजस्व टीम भी पहुंचकर पडताल मे जुटी दिखी। एसडीएम सौम्य मिश्र के मुताबिक राजस्व टीम को विवादित जमीन की पडताल कर रिर्पोट देने के निर्देश दिये गये हैं।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ से सम्बन्धित सूचना के लिए जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित

**कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर- 05331-232796**

**कौशाम्बी।** जिला अधिकारी द्वारा सवर्सारण को सूचित किया गया है कि बाढ़ से बाढ़ से सम्बन्धित कोई भी सूचना जनपद स्तर पर स्थापित बाढ़ कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर-05331-232796 सहित अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) के मोबाइल नम्बर-9454417590 तथा एसडीएम मंझनपुर-9454417880, एसडीएम सिराथू-9454417881, एसडीएम चायल-9454417879, तहसीलदार मंझनपुर-9454417883, तहसीलदार सिराथू-9454417884 एवं तहसीलदार चायल का मोबाइल नम्बर 9454417882 पर दी जा सकती है।

**आवेदन की अन्तिम तिथि 26 सितम्बर**

**कौशाम्बी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा एकमुश्त शास्ति समाधान योजना में आवेदन करने की अन्तिम तिथि एक माह (26 सितंबर 2022 तक) बढ़ा दी गयी है। उन्होने बताया है कि योजना के अन्तगर्त लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित वाहन स्वामी 01 अप्रैल 2020 को या उससे पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से अच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त करते हुए बकाया जमा कर सकतें हैं।

# शून्य संस्थागत प्रसव कराने वाली 58 आशाओं को हटाने की कायवार्ही सुनिश्चित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अस्पताल परिसर में निजी एम्बुलेन्स खड़ी पाये जाने पर सख्त कायवार्ही करने के डीएम ने दिये निदेश**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाये जाने पर 01 अप्रैल 2022 से अब तक शून्य संस्थागत प्रसव कराने वाली कुल 58 आशाओं को हटाकर नये आशाओं की नियुक्ति की कायवार्ही सुनिश्चित करने के निदेर्श दियें इसके साथ ही उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष 50 प्रतिशत से कम संस्थागत प्रसव कराने वाली 288 आशाओं को नोटिस (चेतावनी) जारी करने के निदेर्श दियें। उन्होंने सीएमएस एवं सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि अपने-अपने अस्पताल परिसर में निजी एम्बुलेन्स खड़ी पाये जाने पर तत्काल सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को सूचित कर निजी एम्बुलेन्स के विरूद्ध सख्त कायवार्ही सुनिश्चित किया जाय जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कायर्क्रमों की प्रगति की समीक्षा



बैठक में उपस्थित जिला अधिकारी व अन्य अधिकारी

के दौरान प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को आशाओं को लक्ष्य आवंटित कर प्रगति सुनिश्चित करने के निदेर्श दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकतानुसार रोस्टरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ड्यूटी लगाने के निदेर्श दियें उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों के भुगतान में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने एवं लापरवाही पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रत्येक माह ब्लॉक एकाउण्ट मैनेजर (बीएएम) के साथ बैठक कर भुगतान में प्रगति लाने के निदेर्श दिये। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को विशेषकर प्रभारी चिकित्साधिकारी सिराथू को नियमित टीकाकारण में प्रगति लाने के निदेर्श दियें। उन्होने मातृ मृत्यु सूचना एवं आडिट की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि इस सम्बन्ध में आशाओं को जागरूक कर उनसे सूचना प्राप्त कर प्रगति लाई जाय। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आरसीएच पोटर्ल पर गभर्वती महिलाओं एवं बच्चों के रजिस्ट्रेशन में अपेक्षित प्रगति लाने के निदेर्श दिये। उन्होंनें आयुष्मान योजना के अंतगर्त गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के काय र्में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि एएनएम एवं आशाओं के साथ नियमित बैठक कर जननी सुरक्षा योजना सहित आदि योजनाओं एवं कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा जननी शिशु सुरक्षा कायर्क्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कायर्क्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर एवं एम्बुलेन्स की स्थिति सहित अन्य योजनाओं/कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सीएमएस डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में 22 साल बाद भी नहीं बना वाहन स्टैंड



**कौशाम्बी।** जिले में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की स्थापना हुए 22 वर्ष हो चुके है। इसके बावजूद अब यहां कोई वाहन स्टैंड की व्यवस्था नहीं हो सकी है। वाहन स्टैंड के अभाव में कोर्ट आने वाले वादकारी और अधिवक्ता अपने वाहन सड़क पर खड़ा करने के लिए विवश हैं। इसके चलते जिला कचहरी के सामने वाली सड़क पर दिन भर जाम लगा रहता है। मामले में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनुदेव त्रिपाठी ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के पास वाहन स्टैंड के लिए कोई भूमि नहीं है। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर भूमि की मांग करते की बात कही है। न्यायालय प्रशासन को भी इस समस्या से अवगत कराया गया है। इसके बावजूद अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है।

### इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**कौशांबी।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के पदाधिकारियों के चुनाव के बाद सोमवार को जिला पंचायत परिषद के रत्नावली सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा शपथ ग्रहण में मौजूद रहे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के अध्यक्ष अभिसार भारतीय महामंत्री जिया रिजवी उपाध्यक्ष इंतजार रिजवी कोषाध्यक्ष मोहम्मद यासीन संगठन मंत्री अरविंद तिवारी और आय ब्यय निरीक्षक अमरनाथ झा को पद एवं गोपनीयता की शपथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के संस्थापक धीरेंद्र पाठक ने दिलाई है इस मौके पर सूचना अधिकारी रवि जायसवाल ओमनीस तिवारी राकेश सोनकर पत्रकार सहित तमाम पत्रकार वा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम के छात्रों ने मनाया हांकी के जादूगर का जन्मदिन



**भरवारी कौशाम्बी।** खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन पर मनाया जाता है इनका जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में एक राजपूत परिवार में हुआ था, इनके समय में भारत को तीन बार 1928,1932 एवं 1936 में भारत को स्वर्ण पदक मिला, इनकी हॉकी से हिटलर भी कायल हो गया था और इनको जर्मनी में ही नौकरी का आफर दिया था जिसे ध्यानचंद ने ठुकरा दिया था।इनको हॉकी के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है।आज के दिन पूरे भारत में इनके जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आज भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जला कर किया प्रतियोगिता भवंस इलेवन सीनियर ग्रुप एवं जूनियर ग्रुप में संपन्न हुई।विजयी सीनियर ग्रुप रहा।सभी छात्रों को प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने पुरस्कृत किया। खेल के निर्णायक खेल शिक्षक सुधाकर सिंह रहे। अनिल मिश्रा,अवधेश मिश्रा,रामसनेही श्रीवास्तव,सुशील श्रीवास्तव व अन्य सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों के साथ मैच का आनंद लिया।खेल के आयोजन की जानकारी सुधाकर सिंह खेल अध्यापक भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी ने दिया।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर धर्मा देवी इं.का. में खेल कूद का आयोजन



**कौशाम्बी।** धर्मा देवी इंटर कॉलेज में मेजर ध्यानचंद की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया है मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन में राइफल शूटिंग, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक कबड्डी, बालीबाल आदि खेल हुए खेल प्रशिक्षक राम शंकर सिंह आदित्य द्विवेदी निर्भय सिंह आदि शिक्षक छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### विदाई समारोह में कोखराज थानेदार के कार्यो की हुई प्रशंसा



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाने में तैनात इंस्पेक्टर गणेश सिंह का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक ने अन्यत्र कर दिया है स्थानांतरण के बाद कोखराज थानेदार गणेश प्रसाद के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन थाना परिसर में किया गया जहां पर नवनियुक्त थाना प्रभारी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सिपाहियों के साथ-साथ इलाके के गणमान्य लोगों ने निवर्तमान थानाध्यक्ष गणेश सिंह को माल्यार्पण कर सम्मान पूर्वक उनका विदाई समारोह आयोजित किया है इस मौके पर निवर्तमान थानेदार गणेश सिंह के कार्यकाल की चर्चा हुई और अपराधों पर अंकुश लगाने में माहिर थानेदार गणेश सिंह के कार्यकाल की सराहना वक्ताओं ने की है वक्ताओं ने कहा कि गणेश सिंह के कार्यकाल में इलाके में अपराधों में कमी आई है और अपराधी भय खाते थे विदाई समारोह में इंस्पेक्टर गणेश सिंह ने कहा कि इलाके के संभ्रांत लोगों का हमेशा उन्हें सहयोग मिला है और कोखराज थाने में बिताया गया समय और स्थानीय लोगों का साथ हमेशा याद रहेगा।

### भारी पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर कस्बे में सीओ ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और जनसामान्य में सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ-साथ प्रशिक्षण आधीन क्षेत्राधिकारी मंझनपुर कोतवाल चौकी प्रभारी ने पुलिस बल के साथ सोमवार की शाम को मंझनपुर कस्बा क्षेत्र में पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्तिय संदिग्ध वस्तु वा वाहनों की जांच पड़ताल की। पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर प्रशिक्षण आधीन क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर चौकी प्रभारी एवं थाना मंझनपुर की पुलिस बल के द्वारा कस्बा मंझनपुर में सोमवार की शाम को पैदल गस्त करके संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वाहनो वस्तुओं की चेकिंग की गई गश्त के दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था की चेकिंग की इस मौके पर पुलिस ने कहा कि देर रात में सड़कों पर बेवजह घूमने वाले लोग सड़क पर घूमना बंद कर दे वरना उनकी खैर नहीं होगी पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ने जनमानस में सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया और आम जनमानस से कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# ब्लॉक कार्यालय चायल में नदारद रहे अधिकारी कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय चायल में अधिकारी कर्मचारी और जूनियर इंजीनियर निर्धारित समय से नही पहुँचते है बीडीओ और एडीओ पंचायत भी कार्यालय में मौजूद नहीं रहते हैं खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय न आने से समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की शिकायत है कि बीडीओ आये दिन अपने कार्यालय में नहीं मिलते हैं। जब पड़ताल की तो 10 बजे से 12 बजे तक बीडीओ कार्यालय नही पहुंचे व एडीओ पंचायत भी कार्यालय में मौजूद नहीं थे यहां सुबह से लोग अपनी फरियाद लेकर आते जाते रहे।

**सरकारी आवास को छोड़कर बाहर मकान लेकर रहते हैं अधिकारी :**

**कौशाम्बी।** सोमवार को फरियादियों की संख्या ज्यादा नहीं दिखी लेकिन जो फरियादी आये थे उन्हें निराश होकर जाना पड़ा यहां पिछले कई महीने से कार्यरत बीडीओ के इस रवैया से ग्रामीण ही नहीं ग्राम प्रधान भी परेशान हैं। परिसर में बीडीओ आवास भले ही बना है, लेकिन वह इसमें निवास नहीं करते हैं। दो चार ग्राम पंचायत अधिकारियों के अलावा सभी विकास कर्मी नदारद मिले। मुख्यालय पर मौजूद कर्मचारी के आने की कोई जानकारी नहीं दे सके।मुख्यमंत्री के आदेशों की भी अवलेहना अधिकारी कर्मचारी कर रहे है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि वह समय से दफ्तर पहुँचे। जनता की शिकायतें सुने और उसका समय बद्ध निस्तारण करे ,लेकिन इस निर्देश का विकास खंड कार्यालय चायल के अधिकारियों कर्मचारियों पर असर नही दिख रहा है। सोमवार को खंड विकास कार्यालय चायल के बीडीओ समेत कई कर्मचारी लगभग कार्यालय पर उपस्थित नही मिले। विकास खंड चायल में सुबह 10 बजे से फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुचते है लेकिन यहाँ के साहब कभी भी समय से दफ्तर नही पहुँचते है।जब बीडीओ से बात करने का प्रयास किया गया तो फोन ही नहीं रिसीव हो सका। सीडीओ रवि किशोर त्रिवेदी ने कहा कि रेड जारी करा के आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



ब्लॉक कार्यालय में खाली पड़ी कुर्सी

## धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर पंडा समाज ने मां शीतला को अर्पित किया सोने का छत्र

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम स्थिति शक्तिपीठ मां शीतला के धाम में पंडा समाज के लोगों ने सोने का छत्र अर्पित किया है कार्यक्रम की शुरूआत गंगा नदी के कालेश्वर घाट से भव्य शोभायात्रा के दौरान शुरू हुई पंडा समाज द्वारा शोभा यात्रा में सैकड़ों लोग डीजे बैंड की धुन पर मां का जयकारा लगाते हुए माता शीतला के दरबार पर पहुंचे इस दौरान पुरोहित मदनलाल किनकर द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चन कर माता शीतला को सोने का छत्र अर्पित किया गया कार्यक्रम के दौरान पंडा समाज के अध्यक्ष आत्मप्रकाश पंडा विवेक मालविया जुगेश कुमार रजत कुमार मनीष कुमार विजय कुमार राम भोले सहित सैकड़ों पंडा समाज के लोगो के साथ इलाके के गणमान्य लोग और मां शीतला के भक्त शोभायात्रा में मां का जयकारा लगाते हुए मां के दरबार पहुंचे आत्म प्रकाश ने बताया कि बीते दिनों सोने का छत्र मनोज अग्रहरि द्वारा दिया जाने वाली बात निराधार है उन्होंने कहा कि पंडा समाज ने माता शीतला को सोने का छत्र अर्पित किया है पंडा समाज के अध्यक्ष आत्म प्रकाश ने बताया कि डेढ़ सौ ग्राम सोने के वजन का छत्र 9 लाख रुपए की कीमत से पंडा समाज द्वारा बनाकर मां शीतला को अर्पित किया गया है।



## हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से झुलस कर महिला की मौत

**बैरम पुर कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव में हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की झुलस कर मौत हो गई है महिला की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटना स्थल पर थाना पुलिस पहुंची है और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम हाउस से लाश वापस आते ही फिर एक बार परिवार में कोहराम मच गया है मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है मृतक महिला के शव का अंतिम संस्कार परिजनों ने कर दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव निवासी चंद्रिका देवी उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी मैहर कोरी के पड़ोसी बाहर रहते हैं पड़ोसी की घर की देखभाल महिला करती है सोमवार की दोपहर को पानी बरसने पर पड़ोसी के घर की छत पर महिला चंद्रिका देवी गई थी बंदरों को भगाने के चक्कर में वह उन्हें डंडे मार रही थी पड़ोसी के घर के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत की तार गई है अचानक डंडा हाई वोल्टेज विद्युत तार से छू गया जिससे महिला तड़प कर गिर पड़ी और झुलस कर महिला की मौत हो गई इस बात की जानकारी जैसे ही महिला के परिवार में लगी पूरे परिवार में कोहराम मच गया महिला की मौत की जानकारी लगते ही गांव के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई सूचना पाते स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



**महिला की मौत की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की लगी भीड़ परिवार में मचा कोहराम**

## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का ई श्रम पोर्टल पर होगा पंजीयन

**कौशाम्बी।** असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों का पंजीयन ई-श्रम पोर्टल पर सीएससी केन्द्रों के माध्यम से 29, 30 एवं 31 अगस्त को कराया जायेगा असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों एवं अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकारों के पंजीयन ई-श्रम पोर्टल पर जनपद में स्थित सभी सीएससी केन्द्रों के माध्यम से 29, 30, 31 अगस्त, 2022 को कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने देते हुए बताया कि अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (दूसरे प्रान्त के ऐसे वर्कर जो कि जनपद में कार्य कर रहे हों) एवं असंगठित कर्मकार जैसे नाई, मोची, माली, बुनकर (कोरी, जुलाहा), घरेलू कर्मकार, कूड़ा बीनने वाले, फुटकर सब्जी-फल-फूल विक्रेता, ठेला लगाने वाले फुटपाथ व्यापारी, जनरेटर लाइट उठाने वाले, कैटरिंग कार्य करने वाले, फेरी लगाने वाले, मोटर साइकिल व साइकिल मरम्मत करने वाले, गैरेज कर्मकार, परिवहन में लगे आटो चालक, सफाई कामगार, ढोल बाजा बजाने वाले,टेंट हाउस में काम करने वाले, तांगा/बैलगाड़ी चलाने वाले, अगरबत्ती उद्योग में काम करने वाले, गाड़ीवान, भड़भूजे, पशुपालन मत्स्य पालन, मुर्गी पालन बतख पालन में लगे कर्मकार, दुकानों में कार्यरत ऐसे कर्मकार जिन्हें ईंएसआई, ईएसआई नहीं मिली, खेतिहर कर्मकार, नाविक, समाचार पत्र बांटने वाले, ठेका से रंगाई पुताई-धुलाई का कार्य करने वाले, दरी कम्बल/जरी, जरदोजी/चिकन का काम करने वाले दुकान व पोल्टी शाप, डेयरी में काम करने वाले, चूड़ी व कांच के अन्य उत्पादों आदि में काम करने वाले कर्मकारों का पंजीयन ई-श्रम पोर्टल पर किया जाना है। पंजीकृत कर्मकारों को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर रू0-02 लाख एवं मुख्य मंत्री जन आरोग्य योजना के तहत रू0-05 लाख तक का इलाज दिये जाने का प्राविधान है।




अलंकार समारोह कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य संस्थान के फाउंडर और छात्र-छात्राएं

## केपीएस भरवारी स्कूल में आयोजित किया गया बैज अलंकरण समारोह

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित माँ गायत्री मेमोरियल कौशाम्बी प्रेसीडेंसी स्कूल में आयोजित अलंकरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय ने बच्चों की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें अलग-अलग पद एवं ज़िम्मेदारी दी । कॉलेज के हेडब्वाय के रूप में यादवेंद्र प्रताप सिंह तथा हेडगर्ल के रूप में अंशिका रस्तोगी को चुना गया। 'डिसिप्लिन हेड' सफदार उस्मानी तथा अल्काशा सिद्दिकी को बनाया गया।आर्यन गुप्ता और निमिषा केसरवानी को स्पोर्ट्स कैप्टन का दायित्व दिया गया। एक्टिविटी कैप्टन के रूप में जयवर्धन द्विवेदी तथा संध्या कौशल को चुना गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान के फाउंडर देव बाबू ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं कड़ी मेहनत की सफलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया। आयोजन में विद्यालय के प्रिंसिपल रत्नाकर शर्मा, किड्जी क्वार्डिनेटर शिवांगी केशरवानी, दीपक खरवार ,नारायण तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# मोबाइल टॉयलेट के भुगतान में नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने किया फर्जीवाड़ा !

**बिना राजपत्रित अधिकारी के बिना सहायक अभियंता के बाउचर हस्ताक्षर के बिना ही नगर पंचायत सराय अकिल के जिम्मेदारों ने निकाली करोड़ों की मोटी रकम**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल के जिम्मेदारों ने सरकारी धन का दुरुपयोग जमकर किया है। जिसकी लापरवाही स्पष्ट होने के बाद भी जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा इन नगर पंचायत के चापलूस भ्रष्ट जिम्मेदारों पर अभी तक किसी भी प्रकार की कोई भी दण्डनीय कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है। जिससे लूटेरे जिम्मेदारों के द्वारा नगर पंचायत में कराएं जाने वाले विकास कार्यों की कार्यशैली भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। सराय अकिल नगर पंचायत के पूर्व में कराए गए विकास कार्यों पर नजर डालें तो विभिन्न बिंदुओं पर भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है जैसा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि नगर पंचायत में बनाए गए मोबाइल टॉयलेट में काफी बड़ा भ्रष्टाचार एक जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है। प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जेपी सिंह द्वारा अपनी एक जांच रिपोर्ट में स्पष्ट करते हुए जिला अधिकारी कौशांबी को अवगत कराया है कि नगर पंचायत सराय अकिल में बने मोबाइल टॉयलेट के नाम निर्गत की गयी रकम 8 लाख 62 हजार 589 रुपए को राजपत्रित अधिकारी के सत्यापन के बिना ही फर्जी तरीके से निकाल लिया गया है। इतना ही नहीं इन लुटेरे जिम्मेदारों द्वारा 23 जून 2018 को मैंसर्स आइसलैंड मोटर के नाम पर कर दिया गया है। इतना ही नही नगर पंचायत के इन जिम्मेदार लुटेरे द्वारा 6 लाख 20, हजार का अग्रिम भुक्तान मोहन लाल के नाम से करके बड़ा धन निकाल लिया गया है। जिन बाउचरों पर सहायक अभियंता के हस्ताक्षर नहीं लिए गए हैं। सहायक अभियंता जेपी सिंह की रिपोर्ट की माने तो 9 लाख 89 हजार 218 रुपए का भुगतान मोहनलाल के नाम किया गया है जिस पर राजपत्रित अधिकारी एवं सहायक अभियंता ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं फर्जी हस्ताक्षर के द्वारा नगर पंचायत सराय अकिल के जिम्मेदार लुटेरों ने नगर पंचायत को लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है जिस भ्रष्टाचार को लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जेपी सिंह द्वारा स्पष्ट कर पुष्टि करते हुए जिला अधिकारी को दिया है जिस पर काफी समय बीतने के बाद भी अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है जो एक बड़ा गंभीर विषय है।

## मजदूरी के विवाद में जमकर पीटा

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली के सौराई बुजुर्ग गांव की महिला माया देवी पत्नी सुरेश ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मजदूरी मांगने पर दबंग मारपीट करते हैं दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक महिला का कहना है कि लड़का अजय कुमार व गांव के रामस्वरूप का लडका सुनील दोनों लोग मटियारा गांव में सेफ्टी टैंक का गड्ढा खोदने के लिये तीन हजार रुपए का ठेका लिया था। दिनांक 25/08 को दोनों लोगों ने पूरा गड्ढा खोद दिया और 1500-1500 /- रुपए लेना था लेकिन सुनील मेरे लड़के अजय कुमार को 200 /- रुपए कम दे रहा था इसी बात को दोनों लोग नग्गन के दरवाजे पर रूपयों के बावत बातचीत कर रहे थे इसी बात पर दोनों 'लोग आपस में एक-दूसरे को गाली-गलौज कर रहे थे तभी नग्गन पुत्र सुधई, काजू पुत्र सुधई, असद पुत्र भुट्टू ने गाली-गलौज कर तीनों लोग मिलकर लाठी-डण्डा, लात-घूसों से जमीन पर पटक कर बुरी तरह से मारापीटा पेड़ में गमछे से हाथ बांधकर सभी ने लड़के को बुरी तरह से मारापीटा जिससे काफी चोटे आयी है। चिल्लाहट की आवाज सुनकर माया व लड़की चिंकी और पति गये तो देखा कि लड़के को पेड़ में बांधकर तीनों लोग मार रहे थे महिला का कहना है कि हम तीनों लोग बचाने लगे तो हम तीनों लोगों को भी मारे पीटे है।

## लोन पत्रावलियों के स्वीकृति में बैंकों की मनमानी से लाभार्थी परेशान

**कौशांबी।** बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ जिले में लाभार्थियों को मिलता नहीं दिख रहा है विभिन्न विभागों द्वारा संचालित बेरोजगारों के लिए योजनाओं पर बैंक प्रबंधकों की मनमानी चरम सीमा पर व्याप्त है दलालों के माध्यम से पहुंचने वाले लाभार्थियों की पत्रावली तो स्वीकृति कर उन्हें रोजगार करने के लिए ऋण उपलब्ध करा दिया जाता है अन्य पत्रावली में तरह-तरह की बहानेबाजी कर पत्रावली को वापस भेज दी जाती है जिससे बेरोजगारों को ऋण नहीं मिल पाता और उद्योग धंधे नहीं स्थापित हो पाते हैं खुलेआम योजनाओं की पत्रावली में 15% तक कमीशन खोरी जिले के विभिन्न शाखा प्रबंधकों द्वारा की जा रही है बीते दिनों जिला अधिकारी ने शाखा प्रबंधकों को कठोर चेतावनी देते हुए कहा था कि जमा ऋण अनुपात का संतुलन बनाकर रखा जाए लेकिन उसके बाद भी बैंकों की मनमानी कम होती नहीं दिख रही है जिससे जिले में उद्योग धंधे नहीं स्थापित हो पा रहे हैं बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है और केंद्र प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार परक योजनाएं दम तोड़ती दिख रही हैं ताजा मामला बैंक ऑफ बड़ौदा करारी शाखा का है जहां लाभार्थी की पत्रावली को स्वीकृत कर ऋण दिए जाने के बजाए पत्रावली को वापस भेजने की बात लाभार्थी से कही जा रही है बैंकों की मनमानी पर लीड बैंक प्रबंधक भी रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं लीड बैंक प्रबंधक की बातों को घूसखोर शाखा प्रबंधक मानने को कतई तैयार नहीं है डीएम की मीटिंग में लीड बैंक प्रबंधक को दिए गए निर्देश शाखा प्रबंधकों पर नहीं लागू हो रहे हैं जिससे केंद्र प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग केंद्र खादी ग्राम उद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ उद्यमियों को मिलता नहीं दिख रहा है जो गंभीर चिंतन का विषय है और उद्यमियों को बहानेबाजी कर ऋण पत्रावली को अस्वीकृत कर वापस करने वाले शाखा प्रबंधकों के कार नामों को गंभीरता से लेना होगा और लाभार्थियों से घूसखोरी करने वाले शाखा प्रबंधकों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है तभी जिले में केंद्र प्रदेश सरकार की उद्योग धंधों से संबंधित योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिल सकेगा।

## बर्फ के पानी से मुंह धोने से स्किन को मिलते हैं कई फायदे, बढ़ता है ग्लो और निखार



त्वचा को चमकदार बनाने के लिए महिलाएं कई करह के फेशियल करवाती हैं, ये फेशियल कई बार काफी खर्चीले होते हैं। साथ ही इन फेशियल में ऐसे हानिकारक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है, जो स्किन के साथ सेहत को भी नुकसान पहुंचाते हैं अगर आप नैचुरली अपने चेहरे का निखार बढ़ाना चाहते हैं या चेहरे पर ग्लो पाना चाहते हैं, तो आपको आइस वाटर फेशियल ट्राई करना चाहिए। ये दरअसल बर्फ के ठंडे पानी से मुंह धोना ही है, लेकिन इसके फायदे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। ये फेशियल करने से स्किन को ठंडक मिलने के साथ स्किन पर ग्लो भी आता है। आइए जानते है घर पर कैसे करें आइस वाटर फेशियल और क्या हैं इसके फायदे।

**आइस वाटर फेशियल करने का तरीका**

आइस वाटर फेशियल करने के लिए पहले एक बाउल में बर्फ जमा लें। अब इस बर्फ को फ्रिज में से निकालने के बाद बर्फ को एक बड़े पैन में निकालें। जब बर्फ पिछल जाए और पानी हो जाए, तो इस कटोरी के पानी में अपना चेहरा डुबाएं। कुछ सेकेंड्स चेहरा डुबोए रखें और फिर बाहर निकालकर सांस लेकर त्वचा को थोड़ा नॉर्मल होने दें। ऐसा 3-4 बार कर सकते हैं। इसके बाद चेहरे को तौलिया या कॉटन की मदद से साफ करें। बर्फ के टुकड़ों को आप तौलिए की सहायता से स्किन पर भी लगा सकती हैं।

**स्किन के पोर्स को खोलने का काम करता है**

आइस फेशियल करने से स्किन के पोर्स ओपन होते हैं, जिससे स्किन पर चमक बढ़ती है। पोर्स खुलने से स्किन अच्छे से सांस ले पाती है और स्किन पर जमी गंदगी आसानी से हट जाती है।

आइस फेशियल करने से चेहरे की सूजन कम होती है। अगर आप सो कर उठने के बाद चेहरे के पफीनेस की समस्या से परेशान हैं, तो आप आइस फेशियल ट्राई कर सकते हैं। सुबह उठने के बाद आप इस फेशियल को आसानी से कर सकते हैं। इसका नियमित उपयोग से चेहरे और आंखों के आसपास सूजन की समस्या दूर होगी।

आइस फेशियल चेहरे से डार्क सर्कल की समस्या को दूर करने में मदद करता है। चेहरे पर आइस वॉटर फेशियल करने से ब्लेमिशेस की समस्या भी दूर करने में मदद मिलती है। चेहरे के डार्क सर्कल कम करने के लिए आइस फेशियल को हफ्ते में 2 से 3 बार किया जा सकता है।

**मुंहासे की समस्या होगी कम**

आइस फेशियल चेहरे के एक्ने को कम करने में मददगार होता है। नियमित इसका उपयोग करने से चेहरे से एक्ने की समस्या दूर होती है। अगर आपके पास आइस फेशियल करने का टाइम नहीं है, तो आइस का टुकड़ा लेकर फेस पर लगाया जा सकता है।

**टैनिंग को हटाने में मदद करता है**

आइस फेशियल चेहरे से टैनिंग को हटाने में मदद करता है। इसको करने से स्किन पर ठंडक आने के साथ चेहरे की टैनिंग भी दूर होती है। नियमित आइस फेशियल करने से चेहरे पर ग्लो बढ़ता है।

वैसे तो आइस फेशियल को कोई भी कर सकता है लेकिन इसको करने के लिए ध्यान रखें कि आपने जिस पानी से बर्फ जमाई है वो साफ हो। साथ ही स्किन पर किसी तरह की एलर्जी न हो। अगर आप सर्दी- खांसी से परेशान हैं, तो आइस फेशियल न करें। साथ ही बहुत देर तक इसे करने से भी ठंडक के कारण आपकी तबीयत खराब हो सकती है।

# नेताओं की उठापटक से कांग्रेस का आम कार्यकर्ता सबसे ज्यादा परेशान है



कांग्रेस से विचारधारा व दिल से जुड़ा हुआ आम कार्यकर्ता दुविधा में है कि आखिरकार पार्टी में यह किस तरह का माहौल चल रहा है और भविष्य में ऐसा माहौल कब तक चलता रहेगा। लेकिन अफसोस की बात यह है कि कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता अपने ठाठबाट में ही मस्त हैं ।कांग्रेस पार्टी के सितारे पिछले कुछ वर्षों से लगातार गर्दिश में चल रहे हैं, पहले तो वह केंद्र की सत्ता से बाहर हुई फिर एक-एक करके उससे राज्यों की सत्ता भी छिनती चली गई। वहीं रही-सही कसर उन राजनेताओं ने पूरी कर दी जो कांग्रेस पार्टी में कभी सत्ता का प्रमुख केन्द्र व नीति निर्माता होते थे, वह राजनेता भी पिछले कुछ वर्षों से एक-एक करके ना जाने क्यों कांग्रेस पार्टी को छोड़ते जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के हालात को देखकर अब तो देश के आम जनमानस को भी यह लगने लगा है कि कांग्रेस मुक्त भारत का जो सपना कभी भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने देखा था, उसको कांग्रेस पार्टी के अंदर के कुछ नेता व पार्टी छोड़कर बाहर जाने वाले नेता ही पूरा करने पर तुले हुए हैं। आज कांग्रेस पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है, पार्टी के पास लंबे समय से अपना पूर्ण कालिक अध्यक्ष तक नहीं है, कांग्रेस के दिग्गज नेता पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी से दशकों से विचारधारा व दिल से जुड़ा हुआ आम कार्यकर्ता दुविधा में है कि आखिरकार पार्टी में यह किस तरह का माहौल चल रहा है और भविष्य में ऐसा माहौल कब तक चलता रहेगा। लेकिन अफसोस की बात यह है कि कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता अपने ठाठबाट में ही मस्त हैं, उन्हें ना तो वास्तव में कांग्रेस पार्टी की कोई चिंता है और ना ही पार्टी के आम कार्यकर्ताओं की भावनाओं की कोई चिंता है, कांग्रेस की बेहद चिंताजनक स्थिति होने के बाद भी पार्टी के दिग्गज राजनेता आरोप लगाने में तो मस्त हैं, लेकिन ना जाने क्यों कांग्रेस पार्टी के हित में कभी भी यह चंद ताकतवर राजनेता अपने गिरेबान में झांक कर आत्ममंथन करने के लिए तैयार नहीं हैं।

कांग्रेस पार्टी के दिग्गज राजनेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाब नबी आजाद ने भी 26 अगस्त शुक्रवार के दिन पांच पन्नों का लंबा पत्र सोनिया गांधी को लिखकर के कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए, कांग्रेस में अपनी बेहद लंबी चली पारी को विराम दे दिया। हालांकि अब उन पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने दशकों तक कांग्रेस राज का आनंद लेकर आज जरूरत के समय कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़ दिया, जो सैद्धांतिक रूप से ठीक नहीं है। हालांकि यह भी कटु सत्य है कि कांग्रेस पार्टी में गुलाम नबी आज़ाद बहुत लंबे समय तक एक नीति निर्माता व रणनीतिकार की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका में कार्य करते रहे थे, राहुल गांधी के दौर में वह इस सिस्टम से बाहर हुए तो शायद उनको भी छटपटाहट हुई और बहुत बुरा लगा, जिसके चलते ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी के अन्य शीर्ष राजनेताओं के साथ सोनिया गांधी को पार्टी में अंदरूनी लोकतंत्र स्थापित करने के लिए व पार्टी की कमजोरियों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक लंबी चौड़ी चिट्ठी लिख डाली थी। चिट्ठी लिखने वाले इस समूह को बाद में जी-23 नाम दिया गया था। इस ग्रुप पर कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी के नजदीकी विभिन्न बड़े राजनेताओं से लेकर के आम कार्यकर्ताओं तक ने भी बहुत गंभीर आरोप लगाये थे, जिसके चलते अन्य राजनेताओं के साथ-साथ गुलाम नबी आज़ाद भी बेहद आहत हुए थे।

पिछले कुछ वर्षों से गुलाम नबी आज़ाद ने भी खुलेआम बागी तेवर अपना कर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व के लिए बहुत बड़ी मुश्किल खड़ी कर रखी थी। हाल में उनको जम्मू-कश्मीर में संगठनात्मक दायित्व दिया गया था, जिसको उन्होंने लेने से इंकार कर दिया था। तब से ही देश के विभिन्न राजनीतिक गलियारों में यह कयास लगाए जाने शुरू हो गये थे कि अब कांग्रेस पार्टी में गुलाम नबी आज़ाद चंद दिनों के मेहमान हैं। इन अटकलों पर उन्होंने 26 अगस्त शुक्रवार को पांच पन्नों के अपने इस्तीफे पत्र के साथ ही मुहर लगा दी। कांग्रेस पार्टी में गुलाम नबी आजाद ने वर्ष 1973 से जो सफ़र शुरू किया था, उसमें उन्होंने सफलता के विभिन्न मुकामों को हासिल करने का कार्य किया, अब गुलाम नबी आज़ाद का कांग्रेस पार्टी के साथ का यह लंबा सफ़र 26 अगस्त 2022 को समाप्त हो गया है। जिसके बाद से मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर कांग्रेस के छोटे-बड़े राजनेताओं के द्वारा भी गुलाम नबी आज़ाद के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली जा रही है, आज़ाद पर तथ्यहीन आरोपों की एक बहुत लंबी लिस्ट अब जबरन थोपी जा रही है। आम जनमानस के लिए विचारणीय तथ्य यह है कि अगर वास्तव में आज़ाद ऐसे व्यक्ति थे, तो कांग्रेस पार्टी ने उन्हें दशकों तक महत्वपूर्ण पदों पर आसीन क्यों रखा ।लेकिन आज कांग्रेस पार्टी को देश व जन हित में स्वयं की खामी ढूंढ़ने के लिए तत्काल आत्ममंथन करने की आवश्यकता है, जिसके लिए कोई भी तैयार नहीं है। ना ही कोई भी कांग्रेस का नेता यह आत्ममंथन करने के लिए तैयार है कि कहीं गुलाम नबी आज़ाद ने यह कदम पार्टी की जनता के बीच तेजी से गिरती साख को देखकर तो नहीं लिया है, क्योंकि शायद गुलाम नबी आज़ाद कांग्रेस पार्टी की दिन प्रतिदिन जनता के बीच हो रही खस्ताहाल के चुपचाप गवाह नहीं बनना चाहते थे, इसलिए उन्होंने कांग्रेस पार्टी को छोड़ना उचित समझा ।गुलाम नबी आज़ाद के इस निर्णय पर ताली पीट पीटकर खुशियां मना रहे कुछ नादान कांग्रेसियों को यह समझना होगा कि गुलाम नबी आज़ाद का पार्टी छोड़ना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बहुत बड़ा झटका है, वह एक ऐसे राजनेता हैं जिन्होंने देश के चार प्रधानमंत्रियों- इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी.वी. नरसिंह राव व मनमोहन सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफलतापूर्वक कार्य किया था। सबसे अहम बात यह है कि गुलाम नबी आज़ाद को सरकार या संगठनात्मक स्तर जो भी जिम्मेदारी दी जाती थी, वह उसको पूरी मेहनत से निभाने का कार्य करते थे। आज कांग्रेस पार्टी के कर्ताधर्ताओं को पार्टी के बेहद खस्ताहाल पर आत्ममंथन करना चाहिए, उन्हें समझना चाहिए कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए मजबूत सत्ता पक्ष व मजबूत विपक्ष दोनों की ही जरूरत होती है, इसलिए जल्द ही राहुल गांधी को एक बार फिर कांग्रेस पार्टी की कमान संभाल लेनी चाहिए और कांग्रेस पार्टी को पुन: अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए दिन रात एक करके मेहनत करनी चाहिए, तब ही भविष्य में कांग्रेस पार्टी गुलाम नबी आज़ाद जैसे नेताओं के कांग्रेस छोड़ने के झटकों से उबर सकती है।

## सम्पादकीय

### हेमंत सोरेन का संकट, बीजेपी के लिए भी संभल कर कदम बढ़ाने का समय



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से पद के दुरुपयोग मामले में निर्वाचन आयोग किस नतीजे पर पहुंचा है, इसका पता तभी चलेगा जब राज्यपाल अपना निर्णय सुनाएंगे। यह निर्णय कुछ भी हो, इसमें कोई संदेह नहीं कि हेमंत सोरेन ने बतौर खनन मंत्री और मुख्यमंत्री अपने नाम खनन पट्टा आवंटित कर जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन किया। यह इससे सिद्ध भी हो जाता है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत और जांच होने के बाद पट्टा वापस कर दिया ।समझना कठिन है कि जब वह अपने नाम खनन पट्टा आवंटित कर रहे थे, तब संबंधित अधिकारियों ने उन्हें यह क्यों नहीं बताया कि यह अनुचित और अवैधानिक है? प्रशासन में ऐसे अधिकारियों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, जो अपने दायित्वों का सही तरह निवर्हन करने के बजाय नेताओं की हां में हां मिलाएं और उनके गलत कामों में भागीदार बनना पसंद करें। यदि निवार्चन आयोग के फैसले के कारण हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ सकता है तो यह कोई नई-अनोखी बात नहीं होगी, क्योंकि पद के दुरुपयोग को लेकर पहले भी विधायकों और सांसदों की सदस्यता जा चुकी है ।राज्यपाल के फैसले की प्रतीक्षा के बीच प्रश्न केवल यही नहीं है कि हेमंत सोरेन का क्या होगा, बल्कि यह भी है कि झारखंड मुक्ति मोर्चे के नेतृत्व वाली साझा सरकार बची रहेगी या जाएगी? यह प्रश्न इसलिए सतह पर है, क्योंकि हेमंत सोरेन और उनकी सरकार में शामिल दलों के नेता यह आरोप उछालने में लगे हुए हैं कि भाजपा सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों को तोड़कर अपनी सरकार बनाने की जुगत में है। इस आरोप को संगीन रूप देने के लिए विधायकों को अन्यत्र ले जाया जा रहा है। यदि गठबंधन एकजुट है तो फिर इसकी क्या आवश्यकता है?

राजनीतिक दलों में टूट-फूट कोई नई बात नहीं, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपनी गलतियों और अंतर्विरोधों को ढकने के लिए ऐसे आरोप लगाना फैशन बन गया है कि भाजपा छल-बल से विरोधी दलों की सरकारों को गिराने में लगी हुई है। जो भी राज्य सरकार अपने ही कर्मों से किसी संकट में फंसती है, वह ऐसे आरोप लगाने लगती है।

फिलहाल यह कहना कठिन है कि इन आरोपों में कितनी सच्चाई है कि भाजपा झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए प्रयासरत है, लेकिन यदि वह ऐसी किसी संभावना को टटोल रही है तो यह उसके लिए शायद ही हितकारी हो। इससे ऐसे आरोपों को न केवल बल मिलेगा कि वह येन-केन प्रकारेण विपक्ष शासित राज्यों में अपनी सरकार बनाने में जुटी हुई है, बल्कि देश को यह संदेश भी जाएगा कि वह अपनी छवि, चरित्र और विचारधारा को लेकर गंभीर नहीं।

# प्रोजेक्ट जोरावर, स्वार्म ड्रोन, आईएनएस विक्रांत...एक के बाद एक बढ़ रही भारतीय सैन्य बलों की ताकत

सेना आधुनिक तकनीक का किस कदर इस्तेमाल कर रही है इसका उदाहरण इसी सप्ताह तब सामने आया था जब जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में गुरुवार को नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान तीन आतंकवादियों का पता लगाने के लिए हाइटेक उपकरणों ने काफी मदद की ।चारों दिशाओं में तैनात भारतीय सैन्य बलों के आधुनिकीकरण का काम तेजी से जारी है। खासकर संवेदनशील मोर्चों पर अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से हमारे सुरक्षा बलों की ताकत बढ़ाई जा रही है। हाल में तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में कई कदम उठाये गये हैं। इसी कड़ी में अब थलसेना 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत पूर्वी लद्दाख में ऊंचाई वाले स्थानों पर तैनाती के लिए हल्के टैंक का एक बेड़ा हासिल करने वाली है। इस कदम का उद्देश्य किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए गोलाबारी करने की सेना की संपूर्ण क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा एवं सुरक्षा प्रतिष्ठानों के सूत्रों ने बताया कि आवश्यकता की स्वीकार्यता या शुरुआती मंजूरी रक्षा मंत्रालय द्वारा अगले महीने प्रदान किये जाने की संभावना है। हम आपको बता दें कि हल्के टैंक तैनात करने की योजना भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव लाने वाले पूर्वी लद्दाख में व्याप्त सीमा विवाद के बीच आई है। सूत्रों ने बताया कि हल्के टैंक की गोला दागने की क्षमता मौजूदा टैंक के अनुरूप होगी और उन्हें शीघ्र तैनाती तथा थल सेना की फुर्ती बढ़ाना सुनिश्चित करने के लिए हासिल किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया है कि उत्तरी सीमाओं पर निकट भविष्य में खतरा बने रहने की संभावना है ।सूत्रों ने यह भी बताया कि यह महसूस किया गया कि जब मौजूदा टैंक को इस तरह के भू-भाग में उपयोग करने की बारी आई तब एक 'जरूरत' महसूस की गयी और इसलिए ''हल्के टैंक'' तैनात करने का फैसला किया गया। सूत्रों ने बताया कि शत्रु ने बड़ी संख्या में तकनीकी रूप से आधुनिक, अत्याधुनिक टैंक शामिल किये हैं और मध्यम से लेकर हल्के टैंक तक को मिश्रित रूप से तैनात किया है। सूत्रों ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर ''बढ़ा हुआ खतरा'' निकट भविष्य में बने रहने की संभावना है और सेना की क्षमता बढ़ाने में वक्त लगता है। एक सूत्र ने कहा, ''हमारे मौजूदा टैंक अच्छा काम कर रहे हैं और पिछली बार हमने विभिन्न माध्यमों के जरिये उनकी वहनीयता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये थे।'' सूत्र ने कहा, ''हालांकि, ऊंचाई वाले स्थानों पर एक अंतराल पाया गया और इसलिए हमें अपेक्षाकृत हल्के टैंक की जरूरत है, जो मौजूदा टैंक के समान ही सक्षम हों।''हम आपको बता दें कि ये टैंक 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत हासिल किये जाएंगे। इसका नामकरण जोरावर सिंह के नाम पर किया गया है जिन्होंने जम्मू के राजा गुलाब सिंह के तहत एक सैन्य जनरल के रूप में सेवा दी थी। मिसाइल दागने की क्षमता, ड्रोन रोधी उपकरण, चेतावनी प्रणाली और शक्ति एवं वजन का अनुपात इस टैंक को बहुत फुर्तीला बनाएगा। इसके अलावा हल्के टैंक सेना को मध्यम लड़ाकू टैंक की सीमाओं से बाहर आने में मदद करेंगे। देखा जाये तो भारतीय थलसेना के लिए स्वदेश में हल्के टैंक को डिजाइन और विकसित करना भी जरूरी है। साथ ही यह भी ध्यान में रखना होगा कि क्या इन्हें स्थल और जल, दोनों के लिए अनुकूल बनाया जा सकता है ताकि इन्हें पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग त्सो इलाके में तैनात किया जा सके।



इसके अलावा यदि ड्रोन तकनीक की बात करें तो आपको बता दें कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संचालित सॉफ्टवेयर का उपयोग करके लक्ष्य की पहचान करने में सक्षम और अत्याधुनिक तकनीक से लैस 'स्वार्म' ड्रोन प्रणाली को भारतीय सेना के यंत्रीकृत बलों (मैकेनाइज्ड फोर्सेस) में शामिल किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि 'स्वार्म' ड्रोन में एक ही स्टेशन से नियंत्रित कई ड्रोन होते हैं, जिन्हें निगरानी सहित विभिन्न कार्यों को करने के लिए 'एल्गोरिदम' का उपयोग करके संचालित किया जा सकता है। भारतीय सेना ने ट्विटर पर कहा कि नई प्रणाली भविष्य की ''सुरक्षा चुनौतियों'' का सामना करने में उसे ''बढ़त'' प्रदान करेगी। दरअसल सेना भविष्य की परिचालन चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को %%तकनीक से लैस बल'' में बदलने के लिए ''उभरती और विघटनकारी तकनीकों को अपनाने'' का प्रयास कर रही है। जहां तक स्वार्म ड्रोन की बात है तो आपको बता दें कि स्वार्म ड्रोन में एक ही स्टेशन से नियंत्रित कई ड्रोन होते हैं और एक ही मिशन में विभिन्न प्रकार के 'पेलोड' ले जा सकते हैं, इस प्रकार यह लगातार हमले करके दुश्मन की रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने में सक्षम है ।सेना आधुनिक तकनीक का किस कदर इस्तेमाल कर रही है इसका उदाहरण इसी सप्ताह तब सामने आया था जब जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में गुरुवार को नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान तीन आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिये हवाई और जमीन आधारित संवेदकों समेत नई पीढ़ी के निगरानी उपकरणों तथा हथियारों का इस्तेमाल किया गया। जिस क्षेत्र में इस अभियान को अंजाम दिया गया वह बेहद चुनौतीपूर्ण था। वहां घने झाड़-झंखाड़ थे। वहां काफी अंधेरा था और भारी बारिश हो रही थी। पूरे इलाके में बारूदी सुरंग भी थीं। नियंत्रण रेखा पर तैनात जवानों ने जब इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी तो ऑपरेशन मृत्युंजय शुरू करते हुए छोटे घातक दलों और निगरानी दलों को इलाके में भेजा गया। यह सब इतना गोपनीय तरीके से हुआ था कि दुश्मन के निगरानी उपकरणों और निगरानी तंत्र को हमारे दलों की भनक नहीं लगी। हमारे दल उस स्थान पर 25 घंटे से भी ज्यादा समय तक तैनात रहे और 25 अगस्त को सुबह सात बजकर 55 मिनट पर उन्होंने आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा पार करते हुए देखा। इस दौरान नवीनतम हवाई और जमीनी संवेदकों और निगरानी उपकरणों से आतंकवादियों की गतिविधि पर निगरानी सुनिश्चित की गई। सुबह पौने नौ बजे आतंकवादी जब घातक दलों से 40-50 मीटर की दूरी पर रह गए तो उन पर हमला किया गया और करीब 15 मिनट तक हुई गोलीबारी में तीनों पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

**दुबई।** एशिया कप 2022 जीतने के अभियान में भारतीय टीम ने लीग मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इससे पहले पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजों के लिए आमंत्रित किया था। भारतीय गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 26 रन देकर 4, हार्दिक पांड्या ने 3 विकेट निकालकर पाकिस्तान को 147 रनों पर ही रोक दिया। मोहम्मद रिजवान ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली के 35, जडेजा के 35 तो हार्दिक पांड्या के 33 रनों की बदौलत छह विकेट से मैच जीत लिया।

**पाकिस्तान (पहली पारी)**

भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टीम इंडिया को अच्छी शुरूआत दी। पहले ओवर में रिजवान भले ही डीआरएस के कारण बच गए लेकिन तीसरे ही ओवर में भुवनेश्वर ने शानदार गेंद डाल पाक कप्तान बाबर आजम को 10 रन पर अर्शदीप के हाथों कैच आऊट करवा दिया।

रिजवान ने इसके बाद हाथ दिखाए। उन्होंने आवेश के एक ओवर में एक छक्का और एक चौका भी लगाया। लेकिन इसी ओवर में फखर जमां के बल्ले का महीन किनारा विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के दस्तानों में समा गया। गेंद काफी ऊंची थी जिसको कट मारने के चक्कर में फखर विकेट गंवा बैठे।

मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर इफ्तिखार अहमद ने पारी को संभाला। अहमद ने 22 गेंदों में 2 चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। उन्हें हार्दिक पांड्या ने विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों कैच आऊट कराया। तब तक पाकिस्तान 87/3 तक पहुंच चुका था। पाकिस्तान ने तेजी से रन बनाने की कोशिश की लेकिन इसी बीच रिजवान हार्दिक की उठती हुई गेंद को सीधा आवेश खान के हाथ में मार बैठे। रिजवान ने 42 गेंदों चार चौके और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए।



पांड्या ने दो गेंदों बाद ही खुशदिल शाह को भी पवेलियन की राह दिखा दी। खुशदिल दो ही रन बना पाए। रोहित शर्मा ने रणनीति बदलते हुए भुवनेश्वर कुमार को दोबारा गेंद सौंपी। क्योंकि रन गति थम गई तो ऐसे में पाक के पुछल्ले बल्लेबाजों ने बड़े शॉट लगाने की कोशिश की। इसी बीच भुवनेश्वर कुमार की बेहतरीन गेंद पर आसिफ अली (9) सूर्यकुमार को कैच थमा बैठे। गेंद एक बार फिर अर्शदीप के हाथ आई। जिन्होंने पहले दो ओवर में सिर्फ 12 रन दिए थे। उन्होंने पहली ही गेंद पर मोहम्मद नवाज (1) को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे अगले ही ओवर में भुवी की एक सीधी गेंद को शादाब खान खेल नहीं पाए और 10 रन बनाकर पगबाधा आऊट हो गए। भुवी ने इससे अगली ही गेंद पर नसीम शाह को भी पगबाधा आऊट कर दिया। पाकिस्तान की ओर से आखिरी विकेट पर शाहनवाज दहानी ने बल्ले के साथ कुछ अच्छे शॉट लगाए। उन्हें अर्शदीप ने आऊट कर अपनी दूसरी विकेट ली।

**भारत (दूसरी पारी)**

पाकिस्तान ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहली ही ओवर में केएल राहुल को पवेलियन की राह दिखा दी। नसीम की गेंद राहुल के बल्ले से लग विकेट पर चली गई। वह खाता गोल्डन डक हुए। इसी ओवर में विराट कोहली भी आऊट होने से बचे।उनकी स्लिप में गई कैच को फखर अच्छे से पकड़ नहीं पाए। विराट ने इसका पूरा फायदा उठाया और कुछ बड़े शॉट लगाए। वहीं, रोहित काफी धीमे रहे। 8 ओवर में जब भारत 50 रन बना चुकी थी तब रोहित का विकेट गिर गया। उन्होंने 18 गेंदों में महज 12 रन बनाए। 10वें ओवर में विराट भी बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आऊट हो गए। उन्होंने 34 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। क्रीज पर आए सूर्यकुमार यादव और रविंद्र जडेजा ने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया। सूर्यकुमार 18 रन बनाकर नसीम शाह की गेंद पर बोल्ड हो गए। यह नसीम का दूसरा विकेट रहा। इससे पहले उन्होंने केएल राहुल को भी बोल्ड किया था।

लेकिन अंत में हार्दिक पांड्या और रविंद्र जडेजा क्रीज पर जम गए। जडेजा 29 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 35 रन बनाकर मोहम्मद नवाज की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जिम्मेदारी हार्दिक पांड्या पर आ गई। उन्होंने टीम इंडिया को छक्का लगाकर जीत दिलाई।

## बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने पाकिस्तान पर मिली जीत के लिए टीम इंडिया को दी बधाई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को चल रहे एशिया कप 2022 में ग्रुप ए में पाकिस्तान के खिलाफ जीत पर टीम इंडिया को बधाई दी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने 2 गेंद शेष रहते 148 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। हार्दिक पांड्या मैच के हीरो थे, जिन्होंने सिर्फ 17 गेंदों में 33 रनों की नाबाद पारी खेली। गांगुली ने ट्वीट किया, भारत की शुरुआत के लिए अच्छा परिणाम..कठिन स्थिति में टीम ने काफी संयम दिखाया। इससे पहले, हार्दिक पांड्या ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिजियो नितिन पटेल और ट्रेनर सोहम पटेल का आभार जताया। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में रवींद्र जडेजा ने पांड्या से एशिया कप 2018 से लेकर (जहां उन्हें पीठ में चोट लगी थी) अब तक की उनकी यात्रा के बारे में पूछा। पांड्या ने कहा, मुझे याद है कि मुझे कैसे स्ट्रेच किया जा रहा था। यह वही ड्रेसिंग रूम था। यह (चोट के बाद उनकी यात्रा) एक उपलब्धि की तरह लगता है क्योंकि मुझे जो अवसर मिले हैं, चोटों के बाद वापसी करने पर मिले हैं, यह यात्रा सुंदर रही है, मैं मेरी वापसी के लिए सोहम देसाई और नितिन पटेल को धन्यवाद देता हूं।



## हार्दिक पांड्या ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए भारतीय टीम के फिजियो और ट्रेनर का जताया आभार

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिजियो नितिन पटेल और ट्रेनर सोहम पटेल का आभार जताया है। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में रवींद्र जडेजा ने पांड्या से एशिया कप 2018 से लेकर (जहां उन्हें पीठ में चोट लगी थी) अब तक की उनकी यात्रा के बारे में पूछा। पांड्या ने कहा, मुझे याद है कि मुझे कैसे स्ट्रेच किया जा रहा था। यह वही ड्रेसिंग रूम था। यह (चोट के बाद उनकी यात्रा) एक उपलब्धि की तरह लगता है क्योंकि मुझे जो अवसर मिले हैं, चोटों के बाद वापसी करने पर मिले हैं, यह यात्रा सुंदर रही है, मैं मेरी वापसी के लिए सोहम देसाई और नितिन पटेल को धन्यवाद देता हूं। पांड्या इस साल भारत के लिए बल्ले और गेंद दोनों से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को अपने पहले सत्र में ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब दिलाया और अपने उसी फॉर्म को भारतीय टीम के मैचों में भी बनाए रखा। इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में, पांड्या ने 14 मैचों में 34.88 की औसत से 13 पारियों में 314 रन बनाए हैं। जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। इसके अलावा उन्होंने 14 मैचों में 4/33 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ों के साथ 11 विकेट भी लिए हैं।



## पूर्वांचल विवि ने राजभवन की टीम को 26 रन से हराया

**लखनऊ।** राजभवन के स्थित बड़ा लान में राजभवन, उत्तर प्रदेश और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के मध्य 12-12 ओवर के मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमें पूर्वांचल विवि ने 26 से राजभवन की टीम को पराजित कर दिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्वयं उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करती रहीं। सर्वप्रथम पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए 11.2 ओवर में 69 रन बनाकर राजभवन की टीम को जीतने के लिए 70 रन का लक्ष्य रखा। राजभवन की टीम ने निर्धारित विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए 11.4 ओवर में 43 रन बनाये। परिणामस्वरूप वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने अपने कुशल खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण इस रोमांचकारी मैच को जीतकर राजभवन टीम को 26 रन से पराजित कर दिया। राज्यपाल ने रोमांचक मैच का आनन्द लिया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्द्धन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी।

## मोदी ने भारतीय टीम को दी जीत की बधाई, कहा- आपने शानदार प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को एशिया कप के मैच में पाकिस्तान पर जीत की बधाई देते हुए कहा कि टीम ने जबर्दस्त कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। भारत ने दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। मोदी ने जीत के मिनटों बाद ही ट्वीट में कहा ,'' टीम इंडिया ने आज एशिया कप 2022 के मैच में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने जबर्दस्त कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। उन्हें जीत पर बधाई।' इसके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया ,'' क्या रोमांचक मैच था। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। खेलों की खूबसूरती यही है कि यह कैसे देश को प्रेरित और एकजुट करते हैं। जबर्दस्त हर्ष और गर्व की अनुभूति। वहीं देश के गृहमंत्री अमित शाह ने टीम इंडिया की जीत पर ट्वीट कर कहा ,''एशिया कप में भारतीय टीम की शानदार शुरूआत। बहुत ही रोमांचक मुकाबला। इस शानदार जीत पर टीम को बधाई।



बता दें भारत ने एशिया कप में अपने पहले मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने भारत के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा था और भारत ने पांच विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत ने 2021 की हार का बदला ले लिया है।

## अनुराग ठाकुर, निसिथ प्रमाणिक और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय क्रिकेट टीम को दी बधाई



**नई दिल्ली:** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और खेल मंत्रालय के राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने सोमवार को एशिया कप 2022 में पाकिस्तान पर मिली पांच विकेट की जीत पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। ठाकुर ने ट्वीट किया, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इस नेल बाइटिंग मैच में हमारी टीम इंडिया की बेहतरीन जीत! एशिया कप में शानदार शुरुआत के लिए बधाई।

मंत्री निसिथ ने ट्वीट किया, मैं टीम इंडिया को उनकी जीत पर दिल से बधाई देता हूं, उन्होंने इतना अच्छा खेला। हम हमेशा पाकिस्तान के खिलाफ जीतते हैं लेकिन यह एक खेल है। हारना और जीतना इसका हिस्सा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने ट्वीट किया, भारतीय टीम ने हमेशा की तरह अच्छा खेला। एक मनोरंजक मैच। बधाई हो, मैन इन ब्लू!

## इंग्लिश प्रीमियर लीग : लीवरपूल ने नौ गोल दागे, हैलेंड ने सिटी के लिए हैट्रिक बनाई

**लंदन।** सत्र की शुरुआत दो ड्रॉ और एक हार से करने वाले लीवरपूल ने जोरदार वापसी करते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में बोर्नेमाउथ को 9-0 से रौंद दिया। लीवरपूल ने इसके साथ ही ईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी जीत की बराबरी की।



लीवरपूल की ओर से एनफील्ड स्टेडियम में रॉबर्टो फर्मिनो ने दो गोल दागे जबकि तीन गोल करने में मदद की। गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने लगातार दूसरे मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद क्रिस्टल पैलेस को अपने ही मैदान पर 4-2 से हराया। एर्लिंग हैलेंड ने दूसरे हाफ में हैट्रिक बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल ने अपनी जीत का क्रम जारी रखते हुए पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फुलहैम को 2-1 से हराया। मैनचेस्टर यूनाईटेड और चेल्सी भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। यूनाईटेड ने ब्रूनो फर्नांडिज के गोल की मदद से साउथम्पटन को 1-0 से हराकर लीग में फरवरी के बाद पहली बार लगातार दो मैच जीते। चेल्सी ने रहीम स्टर्लिंग के दो गोल से लीसेस्टर को 2-1 से हराया जबकि ब्राइटन ने लीड्स को 1-0 से शिकस्त दी। ब्रेंटफोर्ड ने एवर्टन से 1-1 से ड्रॉ खेला।

## टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने रोहित शर्मा

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए एशिया कप 2022 मैच के दौरान हासिल की। रोहित मोहम्मद नवाज द्वारा फेंके गए भारत की पारी के आठवें ओवर में छक्का लगाकर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। हालांकि जहां तक मैच में उनकी अपनी पारी का सवाल है, तो वह ज्यादा समय तक नहीं टिके और 18 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें केवल एक छक्का शामिल था। रोहित ने अब 133 मैचों में 32.10 की औसत से 125 पारियों में कुल 3,499 रन बनाए हैं। उनके नाम सबसे छोटे प्रारूप में चार शतक और 27 अर्धशतक हैं, जिसमें उनका 118 रनों का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है। वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल से आगे निकल गए हैं, जिनके नाम वर्तमान में 3,497 रन हैं। उनके बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली (3,343 रन), आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (3,011 रन), ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज आरोन फिंच (2,855 रन) और पाकिस्तानी स्टार बाबर आजम (2,696 रन) हैं। मैच की बात करें तो मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 148 रन पर ढेर हो गई। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (43) और इफ्तिखार अहमद (28) ही बल्ले से कुछ अच्छा योगदान दे सके। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार ने 4, हार्दिक पांड्या ने 3, अर्शदीप सिंह ने 2 और आवेश खान ने एक विकेट लिया।

जवाब में भारत ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 148 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत की तरफ से विराट कोहली और रवींद्र जड़ेजा ने 35-35 रन बनाए व हार्दिक पांड्या ने भी नाबाद 33 रनों की शानदार पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने 3 और नसीम शाह ने 2 विकेट लिया।

## सैंट लुईस रैपिड शतरंज – फ्रांस के अलीरेजा नें बनाई बढ़त

**सैंट लुईस।** ग्रांड चैस टूर 2022 के चौथे पड़ाव सैंट लुईस रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में पहले दिन रैपिड के तीन मुक़ाबले खेले गए और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा 2 जीत और 1 ड्रॉ के साथ शुरुआती बढ़त बना ली है । प्रतियोगिता में चोटी के 10 खिलाड़ियों को जगह दी गयी है और सभी खिलाड़ी आपस में राउंड रॉबिन आधार पर 9 रैपिड तो डबल राउंड रॉबिन आधार पर 18 ब्लिट्ज मुक़ाबले खेलेंगे । रैपिड के पहले दिन विश्व नंबर 4 फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा यूएसए के हिकारु नाकामुरा और अजरबैजान के ममेद्यारोव को पराजित किया जबकि यूएसए के सैम शंकलंद से बाजी ड्रॉ खेलते हुए कुल 5 अंक बनाए । तीन राउंड के बाद फ्रांस के मकसीम लाग्रेव ,यूएसए के दोमिंगेज पेरेज और जेफ्री जियांग 4 अंक पर ,रूस के यान नेपोम्नियी ,यूएसए के सैम शंकलंद 3 अंक ,यूएसए के फबियानो करूआना ,लेवोन अरोनियन और हिकारु नाकामुरा 2 अंको पर जबकि अजरबैजान के ममेद्यारोव 1 अंक बनाकर खेल रहे है ।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली:** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महान भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि हाल के वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में देश का परचम लहराया है। प्रधानमंत्री ने महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आज प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर बधाई भी दी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई और मेजर ध्यानचंद जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। हाल के वर्ष खेलों के लिए बहुत अच्छे रहे हैं। यह सिलसिला जारी रहे। खेल पूरे भारत में लोकप्रियता हासिल करता रहे। आज पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन, लोगों को अपने पसंदीदा खेल खेलने के लिए अपने दिन में से कुछ समय निकालने और खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए दैनिक जीवन में खेल खेलने की आदत डालने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है। वह अपनी गोल स्कोरिंग क्षमता और शानदार गेंद नियंत्रण के लिए जाने जाते हैं। मेजर ध्यानचंद तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे।



भारतीय टीम ने वर्ष 1928, 1932 और 1936 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 185 मैचों में भारत के लिए 570 गोल किए थे।

## भारतीय पुरुष अंडर-20 टीम ने रचा इतिहास, 21वीं एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में किया प्रवेश

**नई दिल्ली:** भारत ने रिफा, बहरीन में चल रहे 21वीं एशियाई पुरुष अंडर-20 वॉलीबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड को 3-1 (25-21, 23-15, 25-18, 25-17) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

टीम के कप्तान दुष्यंत सिंह अमन कुमार, समीर चौधरी, अजीत शीको, तनिश, हर्षित गिरी, संदीप और सचिन डागर ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाया। भारतीय टीम आज रात फाइनल में कोरिया और ईरान के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईवीबी विश्व अंडर-21 मेन्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023 के लिए भी



क्वालीफाई कर लिया है। प्रो. (डॉ.) अच्युत सामंत, (संसद सदस्य और अध्यक्ष, वीएफआई), रामावतार सिंह जाखड़ (कार्यकारी उपाध्यक्ष - सीजेड, एवीसी), अनिल चौधरी (महासचिव) और सुनील तिवारी (कोषाध्यक्ष और सदस्य वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने सभी खिलाड़ियों और कोचों को उनके जबरदस्त और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## यूपी स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप के लिए टीम चयनित



**प्रयागराज।** यूपी स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप के लिए प्रयागराज के विभिन्न वर्गों के बालकों का चयन जॉर्ज टाउन स्केटिंग रिंग पर किया गया। इसमें चयनित खिलाड़ी 2 सितम्बर से 4 सितम्बर तक मुरादाबाद में होने वाली यूपी स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज से 11 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें अंडर 11 वर्ग में अद्विक भारद्वाज, अथर्व, अरनव, स्वतंत्र और शाश्वत हैं। अंडर 17 वर्ग में कार्तिक सिंह, प्रियांशु छारी, ओजस्व श्रीवास्तव, दिव्यांशु भारतीय, प्रखर दीप, अक्कापल्ली कार्तिकेयन का चयन किया गया है। चयन कारिणी में प्रयागराज रोलर स्केटिंग एंड स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों में विजय राय, आशीष कुमार, जितेंद्र प्रजापति, हर्ष गुप्ता, माया राय और एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाफ मैराथन में देशभर से जुटे एथलीट, अभिषेक व प्रीति ने जीता खिताब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सबसे अधिक सात लाख की इनामी राशि वाली श्री सुविधा यूपी मैराथन दौड़ का खिताब रेलवे के अंतरराष्ट्रीय धावक अभिषेक पाल ने जीत लिया है। वहीं महिलाओं में विश्व रेलवे की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति लाम्बा ने खिताब पर कब्जा जमाया। पुरुषों की क्रॉसकंट्री दौड़ में पंकज और महिलाओं में प्रीनू यादव ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए पहला स्थान हासिल किया।1090 चौराहे पर हुई इस मैराथन दौड़ में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, बंगाल, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखण्ड, बिहार आदि राज्य के एथलीटों ने हिस्सा लिया। पुरुषों और महिलाओं की हाफ मैराथन का फ्लैग ऑफ अपर पुलिस महानिदेशक डॉ रामकृष्ण स्वर्णकार, एथलीट पद्मश्री सुधा सिंह, खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह आदि ने किया। पुरुषों की 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में अंतरराष्ट्रीय धावक अभिषेक पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने इस दौड़ को 01 घंटा 05.59 सेकंड का समय दर्ज किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय धावक मान सिंह 01 घंटा 08.20 सेकंड का समय दर्ज कर दूसरे और सैफ खेलों के स्वर्ण पदक विजेता कार्तिक कुमार 01 घंटा 06.53 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में विश्व रेलवे की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति लाम्बा ने 01 घंटा 15.46 सेकंड का समय निकालकर पहले स्थान पर रहीं। वहीं नीतू कुमारी दूसरे और सोनिका तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुषों की 10 किलोमीटर की क्रॉसकंट्री दौड़ में पंकज ने 33 मिनट 21.01 सेकंड का समय दर्ज कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं सुखराम 33 मिनट 23.00 सेकंड के समय के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश पुलिस के बलराम 33 मिनट 24.00 सेकंड का समय दर्ज कर तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 06 किलोमीटर दौड़ में प्रीनू यादव ने बाजी मारी। उन्होंने 20 मिनट 57 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रेबी पाल और तीसरे स्थान पर अक्षना रहीं। डीसीपी सैयद मोहम्मद कासिम आब्दी ने पुरुषों की दस किलोमीटर क्रॉसकंट्री दौड़ में हिस्सा लिया। उन्होंने खेल भावना का परिचय देते हुए यह दौड़ पूरी की। उनके साथ पुलिस विभाग के कई प्रतिभागियों ने यह दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। लखनऊ में हुई किसी मैराथन में पहली बार फोटो फिनिश का इस्तेमाल किया गया। फिनिशिंग प्वाइंट पर फोटो फिनिश से एक-एक धावकों की दौड़ को पूरा करने की तस्वीरें ली गईं। एथलेटिक्स एसोसिएशन के ऑफीशियलों ने पूरी दौड़ का संचालन किया। दौड़ के विजेताओं को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर श्रीसुविधा फाउण्डेशन के समीर शर्मा, खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह, पद्मश्री सुधा सिंह, विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता जेएस भाटिया, स्मैट के अजय कुमार त्रिपाठी, डेलफिक एसोसिएशन के ओंकार अग्रवाल, पूर्व अंतरराष्ट्रीय धावक शिव कुमार यादव, आनन्द मोटर्स के सीएमडी जेके अग्रवाल, रणजीत सिंह समेत तमाम हस्तियां मौजूद रहीं।

## कोलंबिया में दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के चौथे सबसे बड़े देश कोलंबिया में दो पत्रकारों की मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि दोनों पत्रकार अपनी कार से एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इस दौरान उन पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया इस हमले में ऑनलाइन रेडियो स्टेशन के निदेशक लेइनर मोंटेरो और ऑनलाइन समाचार वेबसाइट के निदेशक डिलिया कॉन्ट्रेरास की मौत हो गई। दोनों को फंडेसियन की नगर पालिका क्षेत्र में गोली मारी गई। दोनों साथ में एक गांव के कार्यक्रम से लौट रहे थे।

## अफगानिस्तान में तालिबानी शासन में पहली बार खुलेगा सिनेमाघर

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले साल 15 अगस्त को तालिबान शासन की वापसी के बाद पहली बार देश के सिनेमाघर खुलने के लिए तैयार हैं। हालांकि फिल्मों में महिलाओं की भूमिका बहुत सीमित रहेगी। जानकारी के मुताबिक फिल्म में सिर्फ एक महिला एक्टर ने अभिनय किया है। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी बाद देश के सिनेमाघरों को बंद कर दिया गया था। सिनेमाघरों के एक साल के बाद खुलने के कारण कई लोग खुशी मना रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इस मामले में महिलाओं की भूमिका और अधिकारों के उल्लंघन पर गंभीर चिंता जाहिर कर रहे हैं।

**कलाकार अब्दुल साबोर खिनजी ने कहा है कि एक साल बाद सिनेमाघरों के खुलने से फिल्मों के अभिनेता खुश हैं।**

अफगानी न्यूज एजेंसी के मुताबिक देश में 37 फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री को दिखाया जाना है लेकिन गौर करने वाली बात है कि एक मात्र महिला अभिनेत्री आतिफा मोहम्मदी ने ही इन सभी फिल्मों में भूमिका निभाई है। कलाकार अब्दुल साबोर खिनजी ने कहा है कि एक साल बाद सिनेमाघरों के खुलने से फिल्मों के अभिनेता खुश हैं। उन्होंने आगे कहा कि फिल्मों के निर्माण के लिए धन उपलब्ध करना होगा। एक साल बाद फिर से सिनेमाघर खुल रहे हैं। एक अन्य कलाकार फयाज इफ्तिखार ने कहा कि हमने अपनी पॉकेट मनी फिल्मों पर खर्च कर दिया है। हम सिर्फ अपना काम करके खुश हैं।

काबुल की जहरा मुर्तजावी ने एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि फिल्मों में मिहलाओं को प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। यह महिलाओं का भी अधिकार है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्मों में महिलाएं नहीं होंगी तो फिल्म अच्छी नहीं लगेगी। तालिबान ने पिछले माह महिलाओं और लड़कियों को अपने घरों से बाहर निकलने पर रोक लगा दिया था, तालिबान ने कहा था कि जब तक जरूरी न हो महिलाएं और लड़कियां अपने घर से ना निकलें। अगर निकल भी रही हैं तो वह अपने पूरे शरीर और चेहरे को ढक कर निकले। हालांकि इस फैसले से कुछ ही लोग हैरान थे।

## जपोरिजिया परमाणु संयंत्र के पास के शहरों पर रूस कर रहा गोलाबारी

**कीव।** यूक्रेन स्थित यूरोप के सबसे बड़े जपोरिजिया परमाणु परमाणु संयंत्र से रूस लगातार रॉकेट और तोपों से डनीपे नदी के पार के इलाकों को निशाना बना रहा है। यूक्रेन के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि परमाणु संयंत्र के आसपास लड़ाई जारी रहने से संयंत्र को नुकसान पहुंच सकता है जिससे रेडिएशन का खतरा हो सकता है। यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के शीघ्र बाद रूसी सैन्यबलों ने जपोरिजिया परमाणु संयंत्र और डनीपे नदी के बाएं तट पर आसपास के क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। निकोपोल और मारहनेट शहरों समेत इस नदी के दाहिने तट पर यूक्रेन का नियंत्रण है। ये दोनों शहर संयंत्र से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर हैं। दनीप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र के गवर्नर वलांतीन रेजनिचेंको ने कहा कि रात में भारी गोलाबारी के बाद निकोपोल के कई हिस्सों में विद्युत आपूर्ति रुक गई।



रॉकेट हमलों से मारहनेट में करीब एक दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। जिले के प्रशासनिक प्रमुख वेवहेन एवतुशेंको ने यह जानकारी दी। इस शहर में करीब 45000 की आबादी है। जपोरिजिया शहर में भी रात में हमला हुआ और दो लोग घायल हो गए। शहर परिषद के सदस्य एनोतोलिए कुरतेव ने यह जानकारी दी। यह शहर परमाणु संयंत्र से करीब 40 किलोमीटर दूर है।

# भारतीय महिलाओं पर नस्लवादी टिप्पणी करने वाली महिला पर भड़के अमेरिकी सांसद, बोले- कठोर कार्रवाई हो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में चार भारतीय महिलाओं पर की गई नस्लीय टिप्पणी मामले में भारतीय मूल के अमेरिकी कांग्रेसी राजा कृष्णमूर्ति ने कठिन कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, मैं पुलिस से अपील करता हूं कि वह आरोपी महिला के खिलाफ कानून के दायरे में रहते हुए ठोस मुकदमा बनाएं, जिससे आरोपी को सबक मिल सके। राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, इस तरह का नस्लवाद और नफरत से प्रेरित हमले न केवल पीड़ितों बल्कि पूरे समुदाय को शिकार बनाते हैं और भय और खतरे का माहौल बनाते हैं। उन्होंने कहा, मैं सभी अमेरिकियों से अपील करता हूं कि सभी एक साथ आएं और इस बात को साबित करें कि हमारा देश और हमारे लोग इस सब से बेहतर हैं। उन्होंने कहा, हम प्यार और शांति स्थापित करने के लिए एकजुट हैं और किसी भी समुदाय के खिलाफ नस्लवादी, भेदभावपूर्ण, हिंसक कृत्यों के खिलाफ खड़े हैं।



**चार महिलाओं पर की थी नस्लवादी टिप्पणी**

बीते अमेरिका के टेक्सास के डलास का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में मेक्सिकन-अमेरिकन महिला भारतीय मूल की महिलाओं को गालियां दे रही है और उन्हें भारत वापस जाने के लिए कह रही है। आरोपी महिला ने गाली देते हुए 'आई हेट यू इंडियंस, गो बैक' के नारे भी लगाए। आरोपी महिला बहस के दौरान आक्रामक होते हुए कहा कि मैं जहां भी जाऊं मेरी मर्जी, तुम भारतीय यहां क्यों आती हो? भारत की तारीफ क्यों कर रही हो? अगर भारत में जीवन इतना अच्छा था, तो तुम यहां क्यों आई? 'आई हेट यू इंडियंस, गो बैक' और इसके बाद महिला मारपीट करने लगी।

**पुलिस ने किया गिरफ्तार**

इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। यह वीडियो डलास की एक पार्किंग की थी, जहां अमेरिकन महिला भारतीय महिलाओं पर नस्लवादी टिप्पणी करती है।

# भारत से हार के बाद पाकिस्तानी नेता फवाद चौधरी ने पीएम शहबाज को ठहराया दोषी, कहा- सरकार ही मनहूस है

**इस्लामाबाद।** दुबई में एशिया कप 2022 के दूसरे मैच में भारत द्वारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराने के बाद पाकिस्तान के पूर्व मंत्री और पीटीआई नेता चौधरी फवाद हुसैन ने शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को हार के लिए दोषी ठहराया। पाकिस्तान के पूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री ने ट्विटर पर लिखा कि दुबई में मैच हारना टीम की गलती नहीं है, क्योंकि वर्तमान सरकार ही 'मनहूस' है।

फवाद हुसैन ने एक ट्वीट में कहा, 'यह टीम की गलती नहीं है, आयातित सरकार 'मनहूस' है। उन्होंने कहा कि अपने खिलाड़ियों के प्रति पाकिस्तान सरकार की लापरवाही को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एक पाकिस्तानी मीडियाकर्मी शिराज हसन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैली की तुलना पड़ोसी देश के नेताओं के रवैये से की थी।

**पाक पत्रकार ने भी पीएम पर बोला था हमला**

एक पत्रकार हसन ने कामनवेल्थ गेम्स के दौरान ट्वीट कर कहा था कि 'भारत इस तरह से अपने एथलीटों को प्रोजेक्ट करता है। पूजा गहलोत ने कांस्य जीता और दुख व्यक्त किया क्योंकि वह स्वर्ण पदक जीतने में असमर्थ थीं और पीएम मोदी ने उन्हें साकारात्मक जवाब दिया। कभी पाकिस्तान के पीएम या राष्ट्रपति का ऐसा संदेश देखा है? क्या वे जानते भी हैं कि पाकिस्तानी एथलीट पदक जीत रहे हैं।' बता दें कि भारतीय पहलवान पूजा गेहलोत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में कांस्य पदक जीतने के बाद रोते हुए माफी मांगी थी। उनका कहना था कि वो चाहती थीं, कि जब उन्हें पदक मिले तो राष्ट्रगान बजना चाहिए। यह तभी संभव था, जब वो स्वर्ण पदक जीत जातीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पूजा कांस्य पदक ही जीत पाईं और पदक लेने के बाद उन्होंने रोते हुए माफी मांगी। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके उन्हें सांत्वना दी थी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया था, आपका पदक जश्न मनाने के लिए है न कि माफी मांगने के लिए। पीएम मोदी के ट्वीट के बाद पाकिस्तान के पत्रकार ने अपने देश के नेताओं को फटकार लगाई थी और सवाल किया था कि क्या पाकिस्तानी नेताओं को पता है कि देश के एथलीट पदक भी जीत रहे हैं।



**जडेजा और पांड्या ने दिलाई जीत**

बता दें कि भारत-पाक मैच की शुरुआत में टीम इंडिया केएल राहुल और और रोहित शर्मा के जल्दी आउट होने के साथ पिछड़ा हुआ लग रहा था, लेकिन रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या ने अपनी दमदार पारी से भारत को धीरे-धीरे जीत की ओर धकेल दिया। रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी ने दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2022 के दूसरे मैच में भारत को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से हराने में मदद की।

## खालिस्तान समर्थक आंतकियों के इरादे खतरनाक, पंजाब को अलग देश बनाने के लिए अब कनाडा में जनमत संग्रह की तैयारी

**टोरंटो।** कनाडा में पंजाब को अलग देश बनाने के लिए खालिस्तान समर्थकों ने सक्रियता बढ़ी दी है। खालिस्तान समर्थक आतंकियों ने ब्रिटेन के बाद अब कनाडा में जनमत संग्रह की तैयारी तेज कर दी है। भारत में प्रतिबंधित आतंकी संस्था सिख फॉर जस्टिस कनाडा में खालिस्तान पर 18 सितंबर को जनमत संग्रह का आयोजन करने जा रही है। खालिस्तान समर्थक आतंकी 18 सितंबर को जनमत संग्रह कराने से ठीक पहले कनाडा में ट्रक रैली निकाल रहे हैं, बड़े-बड़े पोस्टर लगा रहे हैं और टोरंटो में गुरुद्वारे के अंदर सिखों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस जनमत संग्रह में एक और खतरनाक बात यह है कि इसे कनाडा सरकार के स्वामित्व वाले और संचालित किए जाने वाले कम्युनिटी सेंटर में अंजाम दिया जाएगा। सिख फॉर जस्टिस ने इस जनमत संग्रह की शुरुआत 31 अक्टूबर 2021 को लंदन में की थी।भारत के खिलाफ अक्सर जहर उगलने वाला गुर पतवंत सिंह पन्नू इस आतंकी गुट का प्रमुख है। पन्नू पाकिस्तान के इशारे पर भारत वरिोधी गतिविधियों को बढ़ावा देता है। इससे कनाडा की राजनीति बहुत गरम हो गई है और खालिस्तान पर जनमत संग्रह का भारतीयों ने कड़ा विरोध किया है। इस जनमत संग्रह में आतंकी संस्था सिख फॉर जस्टिस कनाडा में रह रहे लोगों से यह पूछ रहा है कि क्या पंजाब को एक अलग देश बनाना चाहिए इससे पहले सिख फॉर जस्टिस ने नवंबर 2021 में ब्रिटेन में जनमत संग्रह कराने का नाटक किया था। सिख फॉर जस्टिस की इस नापाक मुहिम का कनाडा में रह रहे भारत समर्थक सिख कड़ा वरिोध कर रहे हैं। भारत सरकार ने भी इस जनमत संग्रह का कड़ा वरिोध किया है। इसके बाद स्विटजरलैंड और इटली में भी इस जनमत संग्रह को कराया गया। इन जनमत संग्रह को पाकिस्तान से भरपूर समर्थन मिल रहा है और सिखों के नाम पर पाकिस्तानी वोट देने पहुंचे थे।

# दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की मां बोलीं, जब बेटे से मिलने आती हूं तो गैराज में सोती हूं

**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे दौलतमंद व्यक्ति एलन मस्क आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। लेकिन उनकी मां ने एक ऐसा खुलासा किया है जिसे सुनकर सब हैरान हैं। एक मीडिया इंटरव्यू में एलन मस्क की मां मेयी मस्क ने बताया कि वह जब भी कभी एलन मस्क से मिलने जाती हैं तो उनको गैराज में सोना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि वह टेक्सास में बेटे एलन से मिलने जाती हैं और यहीं पर स्पेसएक्स का मुख्यालय है। उन्होंने बताया कि आपके पास रॉकेट साइट के पास एक फैंसी घर नहीं हो सकता। हालांकि उन्होंने पूरी बात स्पष्ट रूप से नहीं बताई लेकिन मेयी मस्क ने कहा कि उनके बेटे की संपत्ति वगैरह में उनको कोई दिलचस्पी नहीं है। एलन मस्क की मां मेयी मस्क 74 साल की हैं और वह एक मॉडल और एक्टिविस्ट भी हैं।

एक इंटरव्यू में एलन मस्क ने अप्रैल बताया था कि उनका कोई घर नहीं है। वह



अपने दोस्तों के घर पर रुकते हैं। टेड के प्रमुख क्रिस एंडरसन के साथ इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में खुलासा किया था। उन्होंने तब कहा था कि मेरे पास अभी अपना घर भी नहीं है। मैं सच में अपने दोस्तों के साथ रह रहा हूं। मस्क ने बाद में बताया था कि बोका चिका में उनका आवास है जिसे उन्होंने किराये पर स्पेसएक्स से 50 हजार डॉलर में लिया है। 2020 में उन्होंने अपनी सभी संपत्तियों को बेचने के लिए कहा था।

**अब 9 बच्चों के पिता हैं दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क**

एलन मस्क के 9 बच्चे हो गए हैं। इससे पहले एलन मस्क की पूर्व पत्नी कैनेडियन लेखिका जस्टिन विल्सन से उनके 5 बच्चे हैं। वहीं, उनकी गर्लफ्रेंड कैनेडियन सिंगर ग्राइम्स से उन्हें दो बच्चे एक बेटा और बेटी है। वहीं एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि उनकी कंपनी की एक टॉप एग्जिक्यूटिव शिवोन जिलिस ने पिछले साल मस्क के जुड़वां बच्चों को जन्म दिया।

## समुद्र में तेज भूकंप सेस दहला पश्चिमी इंडोनेशिया

**इंडोनेशिया।** पश्चिमी इंडोनेशिया में सोमवार को समुद्र में आए तीव्र भूकंप के कारण निवासियों में दहशत फैल गई। हालांकि, भूकंप से किसी गंभीर हानि या किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि भूकंप की वजह से मेंतवई द्वीप के तटीय शहर साइबेरट में दहशत का माहौल है। लोग जान बचाने के लिए खुले मैदानों की तरफ भागने लगे। हालांकि, भूकंप के केंद्र के सबसे नजदीकी द्वीप मेंतवई में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं मिली है। इंडोनेशियाई मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, 6.4 तीव्रता के भूकंप से फिलहाल सुनामी का कोई खतरा नहीं है। वहीं, इससे पहले सोमवार को आए 5.9 और 5.2 तीव्रता के छोटे भूकंपों ने भी प्रांत को हिला कर रख दिया था। अमेरिका भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता का स्तर 5.9 बताई। विभाग ने कहा कि भूकंप 18 किलोमीटर (11 मील) की गहराई पर पश्चिम सुमात्रा प्रांत के एक तटीय शहर परियामन के पश्चिम-दक्षिण पश्चिम में लगभग 170 किलोमीटर (105.6 मील) की दूरी पर केंद्रित था।भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील इंडोनेशिया में आए दिन भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट, सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाएं आतीरहतीहैं। फरवरी में यहां 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था जिससे पश्चिमी सुमात्रा में 25 लोग मारे गए और 460 से अधिक घायल हो गए थे । जनवरी 2021 में पश्चिमी सुलावेसी प्रांत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और 6,500 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

# पूर्वी भूमध्य सागर के गैस भंडार पर नजर, जंग के चलते यूरोप में उभरे ऊर्जा संकट का निकल सकता है हल

**निकोसिया।** बीते छह माह से जारी रूस यूक्रेन युद्ध ने यूरोप में जबर्दस्त ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। जंग के कारण यूरोप में प्राकृतिक गैस की कीमतों में भारी वृद्धि हो गई है। यूरोपीय संघ ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह अपने ऊर्जा भंडार का इस्तेमाल यूरोप के खिलाफ एक हथियार ... संयंत्रों के टर्बाइनों में दिक्कत कारण आपूर्ति रोकी गई है, लेकिन हकीकत यह है कि नॉर्थ स्ट्रीम पाइपलाइन से वह आपूर्ति पहले ही 20 फीसदी कम कर चुकी थी।

**इसलिए खोजे जा रहे रूस के विकल्प**



ऐसे में यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विकल्प तलाश रहा है। उधर, खाड़ी के तेल और गैस उत्पादकों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने उत्पादन में बढ़ोतरी करने में असमर्थ हैं और वे यूरोपीय महाद्वीप और यूरोपीय संघ की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने में असमर्थ हैं। इसलिए यूरोपीय देशों ने अपना ध्यान पूर्वी भूमध्य सागर में स्थित गैस भंडारों पर लगा दिया है।

**इस्राइल, मिस्र व साइप्रस में मिले गैस भंडार**

पिछले कुछ सालों में इस्राइल, मिस्र और साइप्रस में पूर्वी भूमध्य सागर में प्राकृतिक गैस के बड़े भंडार मिले हैं। यूरोप ने पूर्व में इस भंडार पर ध्यान नहीं दिया और वे रूस पर निर्भर बने रहे। उन्हें अब समझ आ गया है कि यह क्षेत्र रूस का एक विकल्प बन सकता है। हाल के कुछ वर्षो में लेवेंटाइन बेसिन के भीतर और पूर्वी भूमध्य सागर के पार प्राकृतिक गैस के बड़े भंडार मिले हैं। ये भंडार इस क्षेत्र को तेल और गैस उत्पादन के बड़े केंद्र और आपूर्तिकर्ता के रूप में बदल सकते हैं।

**ईस्ट मेडिटेरेनियन गैस फोरम का गठन**

मिस्र, इस्राइल, साइप्रस और हाल ही में ग्रीस ने अपने समुद्री संसाधनों को निकालने, उपयोग करने और निर्यात करने के उद्देश्य से अपने राष्ट्रीय ऊर्जा अनुसंधान को तेज कर दिया है। हालांकि, तुर्की को छोड़कर पूर्वी भूमध्यसागरीय अधिकांश देशों ने प्राकृतिक गैस के मुद्दों पर सहयोग व समन्वय के लिए 2019 में ईस्ट मेडिटेरेनियन गैस फोरम या ईस्टमेड नामक एक अंतर सरकारी संगठन की स्थापना की। ईएमजीएफ के चार्टर पर सितंबर 2020 में हस्ताक्षर किए गए और 9 मार्च 2021 को लागू हुए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## कोलंबिया में दो पत्रकारों की गोली मारकर हत्या

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के चौथे सबसे बड़े देश कोलंबिया में रविवार को दो पत्रकारों की मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि दोनों पत्रकार अपनी कार से एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इस दौरान उन पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया इस हमले में ऑनलाइन रेडियो स्टेशन के निदेशक लेइनर मोंटेरो और ऑनलाइन समाचार वेबसाइट के निदेशक डिलिया कॉन्ट्रेरास की मौत हो गई। दोनों को फंडेसियन की नगर पालिका क्षेत्र में गोली मारी गई। दोनों साथ में एक गांव के कार्यक्रम से लौट रहे थे।

## जवाहिरी की मौत पर तालिबान व पाकिस्तान भिड़े, मामला पाक एयर स्पेस के इस्तेमाल का

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन अलकायदा के प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी को मारने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल किया था। अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान सरकार ने खुद यह दावा किया है। हालांकि, पाकिस्तान ने इसे ठुकरा दिया है। अयमान अल-जवाहिरी को जुलाई में अफगानिस्तान में किए गए अमेरिकी ड्रोन हमले में मार गिराया गया था। तालिबान ने आरोप लगाया है कि इसके लिए पाकिस्तान ने अमेरिकी सेना को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति दी थी। अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब ने रविवार को कहा कि अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र में गश्त के लिए ड्रोन का नाजायज इस्तेमाल देश की सीमाओं का उल्लंघन है। अमेरिकी ड्रोन के जरिए दागी गई दो हेलफायर मिसाइलों ने अलकायदा प्रमुख जवाहिरी को मार डाला था। इन मिसाइलों से अन्य को मामूली नुकसान पहुंचा था। अफगानिस्तान की खामा प्रेस के अनुसार मुल्ला याकूब और तालिबान के सैन्य बलों के चीफ ऑफ स्टाफ ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान पर आरोप लगाए। जब उनसे पूछा गया कि अफगानिस्तान में अमेरिकी ड्रोन कहां से आ रहे हैं? तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं।

**अमेरिका ने पाकिस्तान को बनाया जरिया**




तालिबान सरकार के कार्यवाहक रक्षा मंत्री ने दावे के साथ कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र को अफगानिस्तान में प्रवेश करने और हमला करने का जरिया बना लिया है। बता दें, वैश्विक आतंकी संगठन अलकायदा के नेता ओसामा बिन लादेन की मौत के बाद जवाहिरी इसका प्रमुख बना था। अमेरिका ने लादेन के बाद जवाहिरी को भी मार गिराया है। सीआईए ने जुलाई में काबुल में उस घर पर ड्रोन हमला किया, जहां जवाहिरी रहता था। यह घर तालिबान के बड़े नेता हक्कानी का बताया गया था। हमले में मकान को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा, क्योंकि मिसाइल ने जवाहिरी पर अचूक निशाना साधा था। याकूब का यह बयान ऐसे समय आया है जब अलकायदा ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), उर्फ पाकिस्तानी तालिबान और पाकिस्तान सरकार के बीच शांति वार्ता में मध्यस्थता की है। टीटीपी, जिसे पाकिस्तान तालिबान के नाम से जाना जाता है, ने हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा की स्वात घाटी में प्रतिबंधित समूह के फिर से प्रकट होने के बाद इस्लामाबाद में खतरे की चेतावनी दी थी। तालिबानी आतंकियों ने कुछ माह पहले स्वात जिले के मट्टा उपखंड की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था, जिससे कई पड़ोसी जिलों में दहशत फैल गई थी। तालिबान की पाकिस्तान में अप्रत्याशित मौजूदगी से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश के साथ ही इलाके में पर्यटन को भी नुकसान पहुंचा है।